दैनिक
# देवव्रत
www.dainikdevvrat.in

आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 35, अंक 172
पृष्ठ 8, मूल्य 3.00
19 मार्च 2026, गुरूवार

लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (राबर्ट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित

E-mail : dainikdevvrat@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



## रूस देगा पाकिस्तान को डिस्काउंट पर तेल

### ❑ अमेरिका प्रकरण के बाद भारत को मिली छूट बंद
### अब बढ़े मूल्य 100 डॉलर तक खरीदना पड़ रहा है तेल

**इस्लामाबाद, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** रूस ने पाकिस्तान को कच्चे तेल की खरीद का ऑफर दिया है। पाकिस्तान में रूस के राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने बताया है कि हम पाकिस्तान को रियायती दर पर तेल सप्लाई करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि तेल डिस्काउंट पर दिया जाएगा और पाकिस्तान को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। रूस की ओर से पाकिस्तान को ऐसे समय यह ऑफर दिया गया है, जब ईरान युद्ध की वजह से दुनिया के बड़े हिस्से में एनर्जी संकट है। ईरान के होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर देने के चलते इस समुद्री रास्ते से तेल और गैस की सप्लाई नहीं हो पा रही है।



जियो टीवी के मुताबिक, मंगलवार को इस्लामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अल्बर्ट खोरेव ने कहा कि अगर पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से उनके देश से संपर्क किया तो मॉस्को रियायती दर पर तेल बेचेगा। हालांकि रूसी राजदूत ने कहा कि इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक संपर्क मॉस्को से नहीं किया गया है।

रूसी राजदूत ने पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने पर जोर देते हुए कहा कि ऊर्जा क्षेत्र दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है लेकिन इस क्षेत्र में कोई भी प्रगति इस्लामाबाद की ओर से बातचीत शुरू करने पर निर्भर करेगी। उन्होंने साफ किया है कि रूस का रुख पाकिस्तान को तेल सप्लाई पर सकारात्मक है। रूस की व्लादिमीर पुतिन सरकार का पाकिस्तान को यह ऑफर इसलिए ध्यान खींचता है क्योंकि इस्लामाबाद को पारंपरिक तौर पर अमोरिकी गुट का माना जाता है। दूसरी ओर रूस के भारत से अच्छे संबंध रहे हैं। रूस ने ईरान संकट के बाद एक तरफ भारत को तेल पर कोई छूट नहीं दी है, वहीं पाकिस्तान को खुद बढ़कर डिस्काउंट की बात कही है।

भारत के लिए रूसी तेल पर मिलने वाली छूट हालिया दिनों में खत्म हो गई है। भारत को 2022 से 2025 तक रूसी तेल पर मिलने वाली छूट काफी ज्यादा थी। हालांकि अब भारत को तेल खरीदने के लिए ज्यादा कीमत 98 से 100 प्रति बैरल तक चुकानी पड़ रही है। इसका सीधा असर भारत के तेल आयात पर पड़ रहा है। दूसरी ओर पाकिस्तान अगर रूस से तेल लेने का फैसला करता है तो उसे इससे काफी राहत मिल सकती है। कई दूसरे देशों की तरह पाकिस्तान भी बढ़ती ईंधन कीमतों से जूझ रहा है। ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 20 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

इस्लामाबाद में रूसी राजदूत खोरेव ने ईरान युद्ध के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को घेरा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाइयों से दुनिया हैरान है। अब यह कहना मुश्किल है कि मौजूदा तनाव कैसे और कब समाप्त होगा। उन्होंने ईरान में लड़कियों के एक स्कूल पर हुए हमले अत्यंत निंदनीय बताया। खोरेव ने कहा कि ईरान में तुरंत शांति की जरूरत है। हम सभी पक्षों से बल प्रयोग से बचने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत कूटनीतिक माध्यमों से मुद्दों को हल करने का आह्वान करते हैं। रूसी राजदूत ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाइयों की आलोचना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ईरान के नेतृत्व को कमजोर करना है।

## हॉर्मुज वाले इलाके के पास इंडियन नेवी की बढ़ी तैनाती



**नई दिल्ली, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** ईरान और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हॉर्मुज स्ट्रेट (जलडमरूमध्य) के आसपास इंडियन नेवी की तैनाती और बढ़ा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक पहले इस इलाके के आसपास इंडियन नेवी का एक वॉरशिप पेट्रोलिंग करता था, लेकिन पिछले कुछ वक्त में यहां नेवी के तीन शिप की मौजूदगी रही और अब यहां पर इंडियन नेवी के तीन से ज्यादा वॉरशिप मौजूद हैं। हालांकि सूत्रों ने इसकी जानकारी नहीं दी कि कितने वॉरशिप वहां है पर ये जरूर कहा कि ये नंबर ज्यादा हैं।

सूत्रों के मुताबिक इंडियन नेवी के वॉरशिप की तैनाती एहतियाती कदम के तौर पर की गई है। इसका मकसद वहां से गुजर रहे भारतीय व्यापारिक जहाजों, तेल टैंकरों और समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हॉर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे व्यस्त और रणनीतिक समुद्री रास्तों में से एक है।सूत्रों के मुताबिक हॉर्मुज स्ट्रेट के ईस्ट में ओमान की खाड़ी के इलाके में इंडियन नेवी का मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट तो साल 2019 से ही है। इसके तहत एक वॉरशिप वहां हमेशा तैनात रहता था। लेकिन जबसे पश्चिम एशिया युद्ध के साये में आया तब से नेवी ने वहां वॉरशिप की तैनाती बढ़ा दी। होर्मुज स्ट्रेट में जो हालात बने हुए हैं, उसकी वजह से अमेरिका को नाटो देशों से अपील करनी पड़ रही है कि स्ट्रेट को खुला रखने के लिए यूएस का साथ दें और वॉरशिप भेजें। ऐसे हालात में भी भारत होर्मुज स्ट्रेट से अपने शिप बाहर निकाल ले रहा है। भारत के तीन शिप होर्मुज स्ट्रेट से निकलकर भारतीय समुद्री तट पर पहुंच गए हैं और आगे कई अन्य आने की संभावना है।

### सरकार विभिन्न मंत्रालयों और अन्य पक्षों से कर रही विचार-विमर्श

## कई मंत्रालयों को मिलने जा रहा सोशल मीडिया कंटेंट ब्लॉक करने का अधिकार

**नई दिल्ली, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** केंद्र सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट ब्लॉक करने के अधिकार को और व्यापक बनाने की तैयारी में है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत गृह, विदेश, रक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों को सीधे कंटेंट ब्लॉक करने के आदेश जारी करने की अनुमति दे सकती है। फिलहाल यह अधिकार केवल आईटी मंत्रालय के पास है. प्रस्तावित बदलाव लागू होने के बाद इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स को अलग-अलग सरकारी मंत्रालयों और एजेंसियों से सीधे ब्लॉकिंग आदेश मिल सकते हैं।

सौम्यरेंद्र बारिक की रिपोर्ट बताती है कि इस बदलाव को लेकर सरकार विभिन्न मंत्रालयों और अन्य पक्षों के साथ विचार-विमर्श कर रही है। दो वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि इंटरनेट पर एआई से तैयार भ्रामक कंटेंट के बढ़ते प्रसार को देखते हुए यह कदम जरूरी माना जा रहा है।

संभावित संशोधन के तहत सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) जैसे नियामक संस्थानों को भी टेक कंपनियों को सीधे कंटेंट हटाने के निर्देश देने का अधिकार मिल सकता है। वर्तमान में भारत में कंटेंट ब्लॉक करने की दो समानांतर व्यवस्थाएं हैं. पहली, आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या विदेश नीति के लिए खतरा माने जाने



वाले कंटेंट को हटाया जाता है. इस प्रक्रिया में अंतिम मंजूरी आईटी मंत्रालय ही देता है।

दूसरी व्यवस्था आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) के तहत काम करती है, जिसके जरिए विभिन्न मंत्रालयों को सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को कंटेंट हटाने के आदेश देने का अधिकार है। यह प्रक्रिया अक्सर गृह मंत्रालय के नेतृत्व वाले 'सहयोग' पोर्टल के माध्यम से संचालित होती है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि अब दोनों व्यवस्थाओं में समानता लाने की कोशिश की जा रही है। जैसे 'सहयोग' पोर्टल के जरिए केंद्र और राज्य स्तर की एजेंसियां सीधे आदेश भेज सकती हैं, वैसे ही धारा 69ए की प्रक्रिया को भी विकेंद्रीकृत करने की सोच है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में केंद्र सरकार ने धारा 69ए का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर कई ऐसे पोस्ट ब्लॉक किए हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी नीतियों की आलोचना या व्यंग्य करते थे। आईटी मंत्रालय से इस संबंध में सवाल पूछे गए थे, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

## इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 8 की मौत

**इंदौर, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए घर तक पहुंच गई और अंदर रखे गैस सिलिंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के बाद घर में रखे सिलिंडरों में धमाके शुरू हो गए। पुलिस के अनुसार एक के बाद एक चार सिलेंडर फटे, जिससे मकान का एक हिस्सा ढह गया। जिस मकान में आग लगी वो पुगलिया परिवार का है। इस परिवार में एक कार्यक्रम था। इसकी वजह से कई रिश्तेदार घर पर रूके हुए थे। इसी कारण जनहानि ज्यादा हुई। अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मुताबिक, तिलक नगर थाना क्षेत्र में सुबह 4 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। तीन मंजिला मकान में पुगलिया परिवार रहता था। इस परिवार के सदस्य ऊपरी मंजिल में सो रहे थे जबकि इनके यहां बिहार से मनोज सेठिया का परिवार आया हुआ था जो ग्राउंड फ्लोर में सो रहा था। इसी सेठिया परिवार के छह लोगों की मौत हादसे में हुई है जबकि दो लोग पुगलिया परिवार के हैं। वहीं घटना में तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद हो जाने से ये लॉक नहीं खुल सके, जिससे अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने में काफी दिक्कत हुई। दरवाजे तोड़कर रेस्क्यू करना पड़ा। प्रारंभिक तौर पर यह भी माना जा रहा है कि आग के कारण घर में रखे गैस सिलिंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया।

## वी-डेम रिपोर्ट : भारत अब भी एक चुनावी तानाशाही
## लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स में पांचवें स्थान पर फिसला

**नई दिल्ली, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** दुनिया में आज लोकतंत्र के मुकाबले तानाशाही वाले देशों की संख्या अधिक है। वी-डेम की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में 2025 के अंत तक 92 तानाशाही वाले (Autocracy) देश और 87 लोकतांत्रिक देश मौजूद थे. भारत दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले 'चुनावी तानाशाह' देशों में शामिल है. यह डेमोक्रेसी रिपोर्ट दुनिया भर में सबसे अधिक उद्धृत रिपोर्टों में से एक है और इसे स्वीडन के गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय के वी-डेम इंस्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित किया जाता है. 2026 की रिपोर्ट का शीर्षक- 'डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2026 : अनरैवेलिंग द डेमोक्रेटिक एरा' है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के औसत आम नागरिक के लिए लोकतंत्र का स्तर 1978 के स्तर पर वापस पहुंच गया है. 1974 में पुर्तगाल से शुरू हुई 'लोकतंत्रीकरण की तीसरी लहर' से जो प्रगति हुई थी, वह लगभग समाप्त हो चुकी है। पिछले 50 वर्षों में पहली बार अमेरिका अब 'लिबरल डेमोक्रेसी' (उदार लोकतंत्र) नहीं रहा. रिपोर्ट के अनुसार, अब दुनिया की 74% आबादी तानाशाह शासन के अधीन रहती है। 2025 के अंत तक दुनिया के पांच सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से चार तानाशाह वाले देश – भारत, चीन, इंडोनेशिया और पाकिस्तान हैं. रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका भी तेजी से तानाशाही की ओर बढ़ रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में 'चुनावी तानाशाह' सबसे अधिक आबादी वाला शासन प्रकार बन गया है, जिसके अंतर्गत दुनिया की लगभग आधी आबादी 46% (3.8 अरब लोग) आती है। भारत, पाकिस्तान और हाल ही में इंडोनेशिया दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले चुनावी तानाशाह देशों में शामिल हैं. भारत अभी भी 'चुनावी तानाशाह' बना हुआ है, इस श्रेणी में वह 2017 में शामिल हुआ था। 179 देशों में से भारत लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स में 105वें स्थान पर है. पिछले वर्ष यह 100वें स्थान पर था।

इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स में भारत 106वें स्थान पर है, लिबरल कंपोनेंट इंडेक्स में 99वें स्थान पर और इगेलिटेरियन कंपोनेंट इंडेक्स में 138वें स्थान पर है। पार्टिसिपेटरी कंपोनेंट इंडेक्स में भारत 83वें और डिलिबरेटिव कंपोनेंट इंडेक्स में 100वें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण और मध्य एशिया में रुझान अलग-अलग हैं, लेकिन औसत स्तर पर इस क्षेत्र में लोकतंत्र दुनिया के अधिकांश हिस्सों से काफी नीचे है और अपेक्षाकृत स्थिर है। हालांकि, औसत नागरिक यहां सबसे अधिक तानाशाही का सामना कर रहा है।



रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंक 1976 के स्तर पर वापस आ गए हैं. दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के कारण भारत इस गिरावट में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान में तानाशाही की ओर झुकाव भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह रिपोर्ट बांग्लादेश में हुए चुनावों से पहले प्रकाशित की गई थी, जिसमें इस वर्ष तारिक रहमान प्रधानमंत्री चुने गए। रिपोर्ट कहती है कि दक्षिण और मध्य एशिया में केवल 2% लोग (चुनावी) लोकतंत्र का लाभ उठा रहे हैं, और ये सभी नेपाल और श्रीलंका में हैं. 'ग्रे ज़ोन' लोकतंत्र भूटान, मंगोलिया और मालदीव दृ में रहने वाली आबादी बहुत ही कम है। बड़ी आबादी 85% भारत, कजाखस्तान और पाकिस्तान जैसे चुनावी तानाशाह वाले देशों में रहती है। वहीं, अफगानिस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे पूरी तरह से तानाशाही देशों में 13% आबादी रहती है, जिसमें 2025 में बांग्लादेश भी इस श्रेणी में शामिल हो गया। इस क्षेत्र में श्रीलंका ही एकमात्र देश (क्षेत्र का 7% आबादी है) है जो लोकतंत्रीकरण की ओर बढ़ रहा है. भारत उन चार देशों (क्षेत्र का 29: आबादी है) में शामिल है जो तानाशाही की ओर बढ़ रहे हैं, अन्य देश हैं दृ अफगानिस्तान, किर्गिस्तान और पाकिस्तान। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का तानाशाही की ओर बढ़ना ('2009 से') लोकतांत्रिक संस्थाओं को धीरे-धीरे, लेकिन सुनियोजित तरीके से खत्म करना है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'सत्तारूढ़ बहुलतावाद- विरोधी, हिंदू-राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोकतंत्र को कमजोर करने के उदाहरणों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वतंत्रता में गिरावट, सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकारों का उत्पीड़न, तथा नागरिक समाज और विपक्ष पर हमले शामिल हैं। रिपोर्ट के उस हिस्से में भी भारत का उल्लेख है, जिसमें कहा गया है कि 22 देशों में प्रिंट और ब्रॉडकास्ट मीडिया के अलग-अलग नज़रिए खत्म होते जा रहे हैं, और 21 देशों में सरकार के निर्णयों और कार्यों की आलोचनात्मक समीक्षा खत्म होती जा रही है। अमेरिका भी इन देशों में शामिल है. रिपोर्ट के अनुसार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सबसे अधिक प्रभावित हुई है- 2025 में 44 देशों में इसमें गिरावट दर्ज की गई। मीडिया सेंसरशिप निरंकुशता की ओर बढ़ रही सरकारों का सबसे आम हथियार बना हुआ है, जिसमें 32 देश (73%) इसका उपयोग कर रहे हैं।

भारत उन देशों में भी शामिल है, जहां संसद द्वारा सरकार के अवैध कार्यों की जांच की प्रभावशीलता कमजोर हो रही है। अमेरिका और भारत उन देशों में भी शामिल हैं, जहां सक्रिय नागरिक समाज का स्तर घट रहा है और महत्वपूर्ण निर्णयों से पहले परामर्श की प्रक्रिया सीमित हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिमी यूरोप और उत्तरी अमेरिका में औसत नागरिकों के लिए लोकतंत्र का स्तर भी पिछले 50 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है, जिसका मुख्य कारण अमेरिका में चल रही तानाशाही की प्रवृत्ति है. रिपोर्ट में 2025 में 10 नए ऐसे देशों की पहचान की गई है जो तानाशाही की ओर बढ़ रहे हैं और इनमें यूनाइटेड किंगडम भी शामिल है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नागरिक समाज पर होने वाला दमन तेज़ी से बढ़ा है, और अब इसका असर तानाशाही की ओर बढ़ रहे 30 देशों पर पड़ रहा है।

## जीडीपी के आधार वर्ष में बदलाव पर विवाद तेज, आंकड़ों से 'चमकाई' जा रही विकास दर

**नई दिल्ली, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** देश में सकल घरेलू उत्पाद की नई शृंखला और आधार वर्ष में बदलाव को लेकर आर्थिक और राजनीतिक बहस तेज हो गई है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह बदलाव महज एक सामान्य सांख्यिकीय प्रक्रिया है या फिर आधार (बेस) घटाकर विकास दर को ज्यादा दिखाने की कोशिश की जा रही है। करीब 12 साल बाद जारी नई जीडीपी शृंखला में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के भारांक में बदलाव, नए डेटा स्रोतोंकृ जैसे जीएसटी, ई-वाहन और भविष्य निधि को शामिल करने और तकनीकी सुधारों का दावा किया गया है। सरकार का कहना है कि इससे अर्थव्यवस्था की तस्वीर पहले से अधिक व्यापक और वास्तविक होगी। हालांकि आलोचकों का आरोप है कि इस बदलाव के जरिए गणना के तरीके में ऐसी फेरबदल की गई है, जिससे विकास दर ऊंची दिख सकती है। विशेष रूप से जीडीपी के आधार आकार को 357 लाख करोड़ रुपये से घटाकर करीब 345 लाख करोड़ रुपये करने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि जब आधार छोटा होगा तो उसी अनुपात में वृद्धि दर स्वतः अधिक दिखाई देगी।



इससे पहले 2011-12 के आधार वर्ष वाली शृंखला भी विवादों में रही थी, जिस पर विकास दर को "अतिरंजित" दिखाने के आरोप लगे थे। यहां तक कि International Monetary Fund ने भी भारतीय सूचकांकों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई थी, जिससे उस समय बड़ा विवाद खड़ा हुआ था।

नई शृंखला में सेवा क्षेत्र का भार कुछ कम कर कृषि और विनिर्माण क्षेत्र को अपेक्षाकृत अधिक महत्व देने की बात भी सामने आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव वास्तविक आर्थिक संरचना के अनुरूप है या नहीं, इस पर गंभीर समीक्षा की जरूरत है, क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी लगातार बढ़ती रही है।

एक अन्य चिंता यह भी है कि खपत, महंगाई और उत्पादन के बीच संबंधों को मापने के पारंपरिक तरीकोंकृजैसे सर्वेक्षण और नमूना अध्ययनकृकी भूमिका घटाई जा रही है। इससे आंकड़ों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल उठ सकते हैं। आलोचकों के अनुसार, यदि नई गणना पद्धति के जरिए जीडीपी का आकार बड़ा दिखाया जाता है, तो इससे कर्ज-से-जीडीपी अनुपात और राजकोषीय घाटे के आंकड़े भी बेहतर नजर आ सकते हैं। इसे कुछ विशेषज्ञ "सांख्यिकीय सुधार" नहीं बल्कि "प्रस्तुतीकरण का खेल" मान रहे हैं।

फिलहाल सरकार इन बदलावों को जरूरी और समयानुकूल बता रही है, जबकि अर्थशास्त्रियों और विपक्षी दलों की ओर से इसकी स्वतंत्र समीक्षा की मांग उठ रही है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि नई शृंखला वास्तव में अर्थव्यवस्था की सटीक तस्वीर पेश करती है या फिर आंकड़ों की व्याख्या को लेकर विवाद और गहराएगा।

## 30 घंटे तक जलता रहा अमेरिका का सबसे ताकतवर युद्धपोत

**नई दिल्ली, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के सबसे आधुनिक और महंगे विमानवाहक पोत USS Gerald R- Ford में लगी भीषण आग ने वैश्विक सुरक्षा हलकों में हड़कंप मचा दिया है। करीब 30 घंटे तक चली इस आग से जहाज के कई अहम हिस्सों को नुकसान पहुंचा है, जबकि सैकड़ों सैनिकों के रहने की व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। घटना ऐसे समय सामने आई है जब Iran, United State और Israel के बीच तनाव चरम पर है। ऐसे में इस आग को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। क्या यह तकनीकी खामी थी, अंदरूनी लापरवाही या फिर किसी दुश्मन देश की साजिश? सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में तोड़फोड़ की आशंका से इनकार नहीं किया गया है। जांच एजेंसियां इस पहलू की भी पड़ताल कर रही हैं कि कहीं जहाज पर तैनात थके और मानसिक दबाव झेल रहे सैनिकों की लापरवाही या आंतरिक गड़बड़ी तो इसकी वजह नहीं बनी। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि जहाज के अंदरूनी सिस्टम' जैसे पाइपलाइन या वेस्ट मैनेजमेंटकृमें गड़बड़ी से आग भड़क सकती है। हालांकि, क्षेत्रीय हालात को देखते हुए Iran की संभावित भूमिका को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया गया है। अमेरिकी रक्षा तंत्र इस बात की जांच कर रहा है कि कहीं किसी मिसाइल, ड्रोन या साइबर हमले के जरिए जहाज को निशाना तो नहीं बनाया गया।



## रिफाइनरियों में 40% तक बढ़ा एलपीजी उत्पादन
## सरकार की अफवाहों से बचने की अपील

**नई दिल्ली, 18 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** पश्चिम एशिया में जारी हालिया तनाव और भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक अंतरमंत्रालयी प्रेसवार्ता में साफ किया देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40% की भारी वृद्धि की गई है।

### 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक आजमगढ़

**' धन्यवाद ईरान '**

संकट में सहयोग का,
धन्यवाद ईरान ।
हम सब की भी चाह है,
सदा रहे मुस्कान ।
तुम्हारी कायम जंग में ।



धीरू भाई का दो टूक
19 मार्च 2026

सिटी स्पोर्ट्स

## एलिट ग्रुप में शानदार मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत चौथे राउंड के चौथे दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर बिलासपुर को तीन अंक और बीएसपी को एक अंक मिला। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम पहली पारी में 380 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी पहली पारी 324 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 280 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध सरगुजा के मैच में बीसीए ने 5 विकेट से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में सरगुजा पहली पारी 341 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीसीए 280 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में सरगुजा दूसरी पारी 211 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बीसीए ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 276 रन बनाए।

## बीएसपी प्रीमियर क्रिकेट में श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी, दर्शकों में उत्साह



**भिलाई।** भिलाई मजदूर संघ एवं बीएसपी प्रीमियर लीग कमेटी की ओर से बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में मैच जारी है। रविवार को पहला मैच भिलाई वॉरियर्स ने रॉयल स्ट्राइकर के विरुद्ध चार विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच इशांत रहे। दूसरा मैच आयरन पैंथर्स ने ओजी 11 के विरुद्ध 31 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच भीमराज मीणा रहे। तीसरे मैच में छत्तीसगढ़ टाइगर्स ने बीएसपी टाइटंस के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच धीरज रहे। चौथे मैच में रॉयल्स स्ट्राइकर ने स्नाइपर के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच  रहे। पांचवें मैच में जीके लाइंस ने स्नाइपर के विरुद्ध 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अंकित सिंह रहे। छठवें मैच में बीएसपी सुपर चैलेंजर के विरुद्ध बरली बॉयज ने तीन विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच दीपक खिचरिया रहे। सातवें मैच में जीके लाइंस ने ओजी 11 के विरुद्ध 5 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच दिलीप रहे। आठवें मैच में सीजी 11 ने सीजी टाइगर के विरुद्ध 20 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच लीलेश्वर रहे। नौवें मैच में संडे 11 ने भिलाई टाइटंस के विरुद्ध 5 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच निखिल रहे। इन मैचो के दौरान बीएसपी प्रीमियर लीग कमेटी के शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, वशिष्ठ शर्मा, हिमाचल बेरा, आईपी मिश्रा, हरिशंकर चतुर्वेदी, गौरव, अविनाश लेगी एवं उषाकर चौधरी सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थी। आज के मैच के अंपायर महेश नुगेश्वर डेहरिया, विवेक सिंघम, भानु मुकेश, वीरेंद्र अर्जुन, स्कोरर विनोद देवघरे, महेश कुलदीप मीणा, वेंकटेश, कॉमेंटेटर, अरविंद सिंह, अभय मोहरील शाका, अभय, शिव एवं पिच क्यूरेटर आजाद अहमद एवं जीवन सिंह थे।

## बी.एस.पी. टीम हिस्सा लेगी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन में




**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 मार्च तक बोकारो में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के अलावा बोकारो इस्पात संयंत्र, राउरकेला इस्पात संयंत्र, सेलम स्टील प्लांट, भद्रावती स्टील प्लांट, बर्नपुर स्टील प्लांट आदि की टीमें भी भाग ले रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम में धीरज गायकवाड,रवि नायक, राजू खलको, डॉ. सैफ अली और ई सुरेन शामिल हैं। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल विभाग के प्रमुख और अर्जुन आवार्डी ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद उप महाप्रबंधक और अभिजीत भोमिक उप प्रबंधक खेल विभाग और बी. एस. पी. बैडमिंटन क्लब के सचिव प्रवीण उपाध्याय आदि ने टीम को शुभकामनाएं दी है।

प्यूरीन की संतुलित मात्रा रखती है शरीर को सेहतमंद

# आपके भोजन में नहीं होनी चाहिए प्यूरीन की अधिकता, किडनी स्टोन का हो सकता है खतरा

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। हालांकि यदि आपके शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है। कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर आपका खान-पान ठीक है तो ये गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। आप जिन चीजों का सेवन करते हैं, सेहत पर उसका सीधा असर होता है, यही कारण है कि सभी लोगों को पौष्टिक और स्वस्थ चीजें खाने की सलाह दी जाती है।आहार विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ रहने के लिए क्या खाना चाहिए, इससे जरूरी ये जानना है कि आपको क्या नहीं खाना चाहिए? गठिया और किडनी से संबंधित बढ़ती समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को उन चीजों से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं जिनमें प्यूरीन की अधिकता होती है। प्यूरीन क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### क्या होता है प्यूरीन?

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। जब हमारे शरीर में प्यूरीन का ब्रेक डाउन होता है तो इससे यूरिक एसिड बनता है, जिसे शरीर आमतौर पर मूत्र में बाहर निकाला देता है।



हालांकि यदि आप हाई प्यूरीन वाली चीजों का सेवन अधिक करने लगें और शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

### प्यूरीन की अधिकता और इसके नुकसान

जब हमारे शरीर में प्यूरीन की अधिकता हो जाती है और किडनी इसे ठीक तरीके से बाहर नहीं निकाल पाती, तो यह शरीर में जमा होने लगता है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्यूरीन की अधिकता यूरिक एसिड को बढ़ाने लगती है और यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में क्रिस्टल बनने लगते हैं, जिससे सूजन, दर्द और अकड़न हो सकती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे, टखनों और घुटनों को प्रभावित करता है।इसके अलावा यूरिक एसिड के क्रिस्टल किडनी में जमा होकर पथरी बना सकते हैं। अधिक प्यूरीन युक्त चीजों के सेवन से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा हो सकता है, जिससे मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है।

### खान-पान में करें बदलाव

कुछ खाद्य पदार्थों में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जिनका ज्यादा सेवन करने से यूरिक एसिड बढ़ सकता है। हाई प्यूरीन फूड्स जैसे मांस और मछली का सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए। राजमा, चना, सोयाबीन, मसूर, मटर जैसी दालों के भी अधिक सेवन से बचना चाहिए।कुछ प्रकार की सब्जियां जैसे पालक, मशरूम, ब्रोकली, फूलगोभी का अधिक सेवन भी नुकसानदायक हो सकता है। शराब, कॉफी भी प्यूरीन और यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

अच्छी सेहत के लिए लो प्यूरीन फूड्स का सेवन करना अच्छा विकल्प है। फल (सेब, केला, संतरा, पपीता), सब्जियां (खीरा, टमाटर, गाजर, लौकी), डेयरी उत्पाद, अंडे और नट्स में प्यूरीन की मात्रा बहुत कम होती है और इनके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं। हाई प्यूरीन फूड्स का सेवन कम करने के साथ खूब पानी पीना भी जरूरी है ताकि यूरिक एसिड बाहर निकल सके। हरी सब्जियां और फाइबर युक्त आहार आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। अगर आपको गठिया, किडनी स्टोन या यूरिक एसिड की समस्या है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर प्यूरीन युक्त भोजन का सेवन नियंत्रित करें।



# घर में जरूर लगाएं औषधीय गुणों से भरपूर ये पौधे, वातावरण रहेगा शुद्ध

हमारी प्रकृति रहस्यों से भरी है। आज तक मनुष्य ने जो कुछ भी हासिल किया है वो प्रकृति से सीख लेकर ही किया है। दुनिया में कई प्रकार के पौधे पाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते है उनमे से कुछ ऐसे पौधे हैं, जिनको घरों में लगाने से घर में न सिर्फ सुख शांति बल्कि आप की सेहत भी स्वस्थ रहती है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे पौधों के बारे में, जिन्हें घर में जरूर लगाना चाहिए.....

### एलोवेरा

एलोवेरा एक प्राकृतिक औषधि से भरपूर पौधा है जो शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। हमारी त्वचा, बालों से लेकर पाचन तंत्र और इम्यून सिस्टम तक, एलोवेरा शरीर की कई परेशानियों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। इसी के साथ एलोवेरा हवा को शुद्ध करने की क्षमता भी प्रदान करता है। यह पौधा रात के दौरान ऑक्सीजन छोड़ने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके का काम करता है।

### नीम

घर में नीम का पेड़ लगाने से कई तरह के फायदे होते हैं। इसके पत्तों और छाल का सेवन त्वचा और पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में होता है। बता दें कि नीम एक एवरग्रीन पेड़ है जो पर्यावरण को शुद्ध करने में मदद करता है। यह पेड़ दिन और रात दोनों समय ऑक्सीजन देता है।

### पुदीना

पुदीना त्वचा के साथ पाचन के लिए भी लाभकारी होता है, साथ ही यह घर में ठंडक और ताजगी भी बनाए रखता है। यह पौधा बारहमासी होने के साथ



उगाने और रख-रखाव में भी बहुत आसान होता है। पुदीना हमारे दांतों की देखभाल में भी बहुत फायदेमंद होता यह दांतों की कैविटी दूर कर सांसों की दुर्गंध को भी दूर करता है।

### तुलसी

तुलसी का पौधा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर सर्दी-खांसी और अन्य बीमारियों से राहत दिलाता है, और पाचन में भी सुधार करता है। तुलसी का पौधा एक प्राकृतिक ऑक्सीजन स्रोत है जो लगभग 24 घंटे ऑक्सीजन देता है और हवा को शुद्ध करता है।

### गिलोय

गिलोय एक अद्भुत जड़ी-बूटी है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। यह बुखार, डायबिटीज, और पाचन संबंधी समस्याएं, और यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में भी मदद करता है। गिलोय का पौधा घर में लगाना बहुत आसान होता है। आप इसे बीज या कटिंग से आसानी से उगा सकते हैं।



## आलू के चिप्स बनाने की इंस्टेंट विधि, कर सकते हैं इसका सेवन

यदि आप आलू के चिप्स बनाना चाह रहे हैं तो यहां हम आपको इसकी आसान रेसिपी बताने जा रहे हैं।

इस चिप्स को तैयार करने में न तो आपको ज्यादा समय लगेगा और न ही आपके ज्यादा पैसे खर्च होंगे। तो चलिए आपको बताते हैं इंस्टेंट फलाहारी चिप्स बनाने का तरीका।

### इंस्टेंट आलू के फलाहारी चिप्स बनाने का सामान

2 बड़े आलू,सेंधा नमक,काली मिर्च पाउडर,देसी घी या मूंगफली का तेल (तलने के लिए) रखें। आलू के टिप्स को बनाना काफी आसान है। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले आलू की स्लाइस तैयार करनी चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आलुओं को अच्छे से धोकर छील लें। आलुओं को धोकर स्लाइसर की मदद से पतली-पतली चिप्स काट लें।

अब इन कटे हुए आलू को ठंडे पानी में थोड़ी देर के लिए भिगोकर रखें। जब स्टार्च निकल जाए तो फिर इसे छलनी में डालकर पानी निकाल दें। इसे एक से दो बार अच्छी तरह से धो लें और कपड़े से सुखा लें। जब ये पूरी तरह से सूख जाएं तो एक कढ़ाही में मूंगफली का तेल या देसी घी गर्म करें। जब तेल मध्यम गर्म हो जाए, तो उसमें आलू की स्लाइस डालें। धीमी आंच पर हल्का सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें।

तले हुए चिप्स को टिशू पेपर पर निकालें ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए। फिर आखिर में चिप्स पर सेंधा नमक और काली मिर्च छिड़कें और इसे अच्छे से मिला लें। अब इन्हें एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करके कई दिनों तक खा सकते हैं




## रेलवे ऑपरेटिंग टीम ने जीत दर्ज कर डीआरएम कप ट्रॉफी अपने नाम की

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल खेल संघ, रायपुर द्वारा आयोजित क्रिकेट के महासंग्राम 23वें डी.आर.एम. कप 2026 का समापन सेकरसा मैदान में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक दयानंद रहे। कार्यक्रम में मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री भंडारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं वरिष्ठ मंडल क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

फाइनल मुकाबला ऑपरेटिंग एवं वैगन रिपेयरिंग शॉप (डब्ल्यू.आर.एस.) के बीच खेला गया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में ऑपरेटिंग टीम ने ट्रैक मशीन ऑपरेशन को तथा डब्ल्यू.आर.एस. ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मैच का शुभारंभ शानदार आतिशबाजी एवं ढोल-नगाड़ों के बीच हुआ।

टॉस जीतकर डब्ल्यू.आर.एस. ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 9 विकेट पर 81 रन बनाए। डब्ल्यू.आर.एस. की ओर से रूद्र मूर्ति ने 29 रन तथा के. साई कुमार ने 21 रन का योगदान दिया। ऑपरेटिंग की ओर से ओमप्रकाश सिंह ने 15 रन देकर 3 विकेट तथा श्रीनू ने 2 विकेट हासिल किए।

82 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑपरेटिंग टीम की शुरुआत को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि टीम आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, किंतु डब्ल्यू.आर.एस. के खिलाड़ियों की संघर्षपूर्ण खेल भावना ने मैच का रुख बदल दिया। जीत की दहलीज पर महत्वपूर्ण विकेट गिरने से मुकाबला टाई हो गया। अंतिम ओवर में अम्बिकेश गिरि की सधी हुई गेंदबाजी के सामने ऑपरेटिंग टीम जीत के लिए आवश्यक 10 रन नहीं बना सकी।

निर्णय के लिए हुए सुपर ओवर में ऑपरेटिंग की ओर से टिकेंद्र और हेमंत ने एक छक्का और एक चौके की मदद से 11 रन बनाए। जवाब में डब्ल्यू.आर.एस. की ओर से साई और राजा बल्लेबाजी करने उतरे, किंतु वे लक्ष्य तक नहीं पहुँच सके और इस प्रकार ऑपरेटिंग टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

टूर्नामेंट में तीसरा स्थान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ओमप्रकाश सिंह को मैन ऑफ द मैच के साथ-साथ बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। आरपीएफ के एन. के. महाना को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा अधिकतम छक्के लगाने के लिए पुरस्कृत किया गया। ट्रैक मशीन के ओम प्रकाश को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा उदित नारायण को बेस्ट इमरजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब ट्रैक मशीन के डोमेश साहू को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।

इस वर्ष मंडल में कार्यरत महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु महिला दिवस के अवसर पर प्रथम महिला डी.आर.एम. कप 2026 का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में मेकैनिकल टीम ने इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। कुमारी पंकज सांगवान को उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विमेन ऑफ द फाइनल तथा विमेन ऑफ द सीरीज चुना गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में सभी अतिथियों का प्लांट भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राहुल गर्ग ने आयोजन से संबंधित जानकारी दी।




कार्नर न्यूज

तनाव को दूर करने और अच्छी नींद लाने में कई आयुर्वेदिक नुस्खे और आसन कारगर हैं। यहां हम आपको एक ऐसे आसन के बारे में बता रहे हैं, जिसे अगर आप सोने से पहले करेंगी, तो स्ट्रेस छूमंतर होगा और नींद अच्छी आएगी।अच्छी नींद आना और तनाव से दूर रहना, सेहतमंद रहने के लिए बहुत जरूरी है। बेशक, हेल्दी रहने का मंत्रा सही खान-पान में छिपा है। लेकिन, अच्छी नींद, खुश रहना और तनाव से दूर रहना, ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जो कहीं न कहीं हेल्दी डाइट से भी ज्यादा जरूरी हैं। अगर आप तनाव में हैं, आपका मन उदास है, नींद नहीं आ रही है, तो सही खान-पान के बावजूद आप थका हुआ महसूस करेंगे और इसका असर आपकी मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर भी साफ नजर आएगा। कई योगासन अच्छी नींद लाने और स्ट्रेस को दूर भगाने में आपकी मदद कर सकते हैं। चंद्र नमस्कार इन्हीं में से एक है। सूर्य नमस्कार के फायदों के बारे में तो हम सभी जानते हैं। लेकिन, क्या आपको पता है कि अगर आप शाम के वक्त चंद्र नमस्कार करेंगी, तो कैसे यह आपकी मेंटल हेल्थ को फायदा पहुंचाएगा और अच्छी नींद लाने में मदद करेगा। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

योग आपको दे सकता है सुकून भरी नींद

# दिन भर का तनाव दूर करने सोने से पहले करें यह खास आसन, झट से आ जाएगी नींद



### शाम को चंद्र नमस्कार करने से दूर होगा तनाव आएगी अच्छी नींद

शाम के वक्त अगर आप चंद्र नमस्कार का अभ्यास करेंगी, तो इससे नींद अच्छी आएगी। यह आसन मन को शांत करता है और शरीर को ठंडक देता है। जिस तरह शरीर को एक्टिव रखने के लिए सुबह के वक्त सूर्य नमस्कार फायदेमंद होता है। उसी तरह, शाम के वक्त चंद्र नमस्कार करने से फायदा मिलता है। इससे डाइजेशन भी बेहतर होता है और अच्छी नींद लाने में मदद मिलती है। यह आसन स्ट्रेस और डिप्रेशन को कम करता है और मूड को सुधारने में मदद करता है। इससे शरीर की मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं, थकान दूर होती है और शरीर डिटॉक्स होता है। यह आसन फर्टिलिटी सुधारने में भी मदद करता है।

### कैसे करें चंद्र नमस्कार का अभ्यास?

सूर्य नमस्कार की तरह चंद्र नमस्कार भी कई योगासनों का एक समूह है। इसे करने के लिए सबसे पहले आपको प्रणामानस की मुद्रा में खड़ा होना है। सांस लेते हुए हाथों को आगे की तरफ ऊपर लाना है। अब सांस छोड़ते हुए आपको आगे की तरफ झुकना है। हाथों को फर्श पर रखिए। अब घुटनों को मोड़ें और फर्श पर हाथों और घुटनों को सीधा रखें। इसदे बाद दाएं पैर को जितना कम्फर्टेबल हो, उतना पीछे करें। दाहिने घुटने को फर्श पर झुकाते हुए ऊपर की तरफ देखें। अब सांस रोकें और बाएं पैर को पीछे करें। दोनों घुटने सीधे रहेंगे और आपका शरीर एक सीधी रेखा में आ जाएगा। सांस छोड़ना है और इसे वापिस खींचना है। आपको अपने हिप्स को एड़ी तक ले जाना है। इसके बाद हाथों को सामने की तरफ मजबूती से रखना है। इसके बाद सांस लेते हुए कोबरा पोज करें। आपके हाथ कंधों के नीचे होंगे, कोहनी और एड़ी साथ आएगी। इसके बाद उल्टे वी जैसी शेप बनाएं। एड़ी को जमीन पर टिकाएं। आपको आसमान की तरफ देखना है। इसके बाद फिर से प्रणामासन करें।



# प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

सत्ताधीशों की इच्छा शक्ति की कमी और प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही से खनन माफिया के हौसल बुलंद हैं। कहीं न कहीं नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में हैं। पंजाब के रोपड़ जिले की शिवालिक पहाड़ियों में हो रही तबाही उस भयावह स्थिति को दशार्ती है, जिसका खमियाजा आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। वजह साफ है कि अंधाधुंध खनन से शिवालिक पहाड़ियों के पारिस्थितिकीय तंत्र को भारी क्षति पहुंच रही है। जो हमें यह भी बताता है कि नीति और प्रवर्तन के बीच खाई में पर्यावरणीय अपराध कैसे और किस तेजी से पनपते हैं। प्रशासन की नाक के नीचे खुदाई करने वाली भारी मशीनों का खुलेआम प्रयोग अवैध खनन हेतु किया जा रहा है। इस पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र की पूरी पहाड़ियों को समतल किया जा रहा है। जो हमारे पर्यावरण के लिये एक गंभीर चुनौती है। यह क्षति शिवालिक पहाड़ियों के मूल पारिस्थितिक कार्यों मसलन भूजल पुनर्भरण, मृदा-स्थिरता और जैव-विविधता संरक्षण जैसे जीवन रक्षक लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। दरअसल, यह शिवालिक पर्वतमाला भू-संरचना की दृष्टि से नयी बनी हुई है और स्वाभाविक रूप से अस्थिर है। निर्विवाद रूप से किसी भी स्थान पर होने वाली अनियंत्रित खुदाई से भूमि का कटाव बहुत तेजी से होता है। जिसके चलते वर्षा ऋतु और उसके बाद भूस्खलन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती है। वहीं इन क्षेत्रों में गाद जमाव का संकट भी गहरा जाता है। कालांतर इसके चलते जल निकासी के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव देखने में आता है। यह सर्वविदित है कि एक बार इन पहाड़ियों को अवैध रूप से काटकर समतल कर दिया जाता है तो उसके मूल स्वरूप को फिर प्राप्त कर पाना लगभग असंभव है। दूसरे शब्दों में कहें उस क्षेत्र विशेष का प्राकृतिक संरक्षण कवच हमेशा के लिए नष्ट हो जाता है। ऐसे में प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट करने वाला विकास कालांतर आपदा का कारक बन सकता है।

दरअसल, यह ऐसा प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र होता है जो निचले मैदानी इलाकों को बाढ़ और जल संकट से बचाता है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि इस बाबत जवाबदेह अधिकारियों द्वारा दलील दी जाती रही है कि इस क्षेत्र में खनन की प्रक्रिया पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों के आधार पर की जाती रही है। साथ ही यह भी सफाई दी जाती है कि ऐसी स्वीकृतियों का उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाया जाता है। लेकिन हकीकत तब उजागर हो जाती है जब स्थानीय लोग रात के समय होने वाले खनन कार्यों, निर्धारित सीमा से अधिक और बड़े पैमाने पर पहाड़ी इलाकों में कटाई होने के आरोप लगाते हैं। ऐसे में अधिकारियों की तमाम दलीलें खोखली ही साबित होती हैं। दरअसल,सवाल नियम-कानूनों की प्रभावकारिता का नहीं है बल्कि असली दिक्कत प्रवर्तन एजेंसियों की उदासीनता की है। जो वस्तु-स्थिति से अवगत होने के बावजूद इन आपराधिक कृत्यों के प्रति आंखें मूंदे रहती हैं। दरअसल, खनन कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को आपराधिक तत्वों व राजनेताओं का संरक्षण भी एक बड़ी चुनौती है। इसमें दो राय नहीं है कि जब अवैध खनन के खिलाफ जमीनी स्तर पर निगरानी के बजाय महज कागजी कार्रवाई का सहारा लिया जाता है तो अवैध खनन को संबल मिलता है। ऐसा भी नहीं है कि यह अवैध खनन केवल पंजाब की शिवालिक पहाड़ियों के आसपास ही हो रहा है।

पूरे भारत में, पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील तमाम क्षेत्रों में अवैध खनन लगातार पर्यावरण से जुड़े कानूनों की सीमाओं का उल्लंघन करता नजर आता है। अकसर खनन के लिये दिए गए परमिटों में अस्पष्टता और स्थानीय स्तर पर कमजोर निगरानी का फायदा उठाया जाता है। वह भी तब जब सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के फैसलों में बार-बार इस बात पर जोर दिया जाता रहा है कि आर्थिक गतिविधियां पारिस्थितिकीय नुकसान की कीमत पर नहीं चलायी जा सकती। फिर भी, जमीनी स्तर पर, प्रवर्तन एजेंसियां या तो शक्तिहीन दिखाई देती हैं या निर्णायक कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति उनमें नजर नहीं आती। वास्तव में अवैध खनन पर सिर्फ जुमार्ना लगाने के बजाय प्रतिबंधित क्षेत्रों का सख्त सीमांकन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी तथा अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है।

# आसान नहीं भाजपा की पंजाब में वर्चस्व की राह

• निर्मल सिंधू

पंजाब के दौरों के दौरान, मोदी-शाह की जोड़ी ने न तो पंजाब के मूल मुद्दों को छुआ और न ही राज्य को मौजूदा मुश्किल हालात से निकालने के लिए कोई सोची-समझी योजना पेश की। क्या भाजपा के पास पंजाब को उस ह्यआर्थिक संकटह्ल से बचाने का वह दृष्टिकोण है, जिसकी कमी के लिए अतीत की सत्ताधारी पार्टियां कुख्यात रही हैं?

गत चौदह मार्च को मोगा में अपनी बहुप्रचारित रैली की शुरूआत करते हुए अमित शाह को पगड़ी पहने और सिखों का लोकप्रिय जयघोष करते देखना एक दिलचस्प नजारा था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अक्सर सिख सभाओं में पगड़ी पहनकर आते हैं। जो कोई भी भाजपा नेताओं को सिखों को लुभाने के वास्ते ऐसे हास्यास्पद सुझाव देता है, उसे पंजाब से जुड़े किसी भी राजनीतिक मामले पर सलाह देने से स्थाई तौर पर रोक देना चाहिए।

यह कोई राज नहीं है कि भाजपा में फैसले शीर्ष स्तर पर लिए जाते हैं। यहां तक कि मीडिया को इंटरव्यू देने के लिए भी केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी जरूरी रहती है। जाहिर है, आने वाले विधानसभा चुनावों में चुनाव अकेले लड़ने के पार्टी के फैसले का ऐलान करने से पहले अमित शाह ने सुनील जाखड़ और कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे स्थानीय पार्टी नेताओं से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया था। जबकि कांग्रेस के ये दोनों पूर्व दिग्गज नेता सार्वजनिक तौर पर शिरोमणि अकाली दल के साथ चुनावी गठबंधन करने की वकालत कर रहे थे। यह रवनीत सिंह बिट्टू ही थे जिन्होंने ऐसे किसी भी गठबंधन का जोरदार विरोध किया है; ऐसे में अगर कल को उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा बना दिया जाए, तो कोई हैरत नहीं।

स्थानीय लोगों के साथ सार्थक संवाद के अभाव में, गृह मंत्री ने अपने भाषण में पसंदीदा अलगाव के मुद्दों में से एक का सहारा लिया– धर्मांतरण। भाजपा जिस ह्यबदलावह्ल का वादा कर रही है, यदि उसमें धर्मांतरण-विरोधी कानून भी शामिल है, तो चुनावी लिहाज से उसे कोई खास सफलता नहीं मिलेगी। धर्मांतरण कोई ऐसा मुद्दा नहीं है, जो आम पंजाबियों को परेशान कर रहा हो। मामूली आर्थिक फायदों के लिए ईसाई धर्म अपनाने वाले गरीब लोगों से समाज या राज्य को कोई खतरा नहीं है। सबको अपने साथ लेकर चलने वाला पंजाब, धार्मिक आधार पर समाज में अलगाव से चुनाव जीतने के भाजपा के एजेंडे को आसानी से स्वीकार नहीं करेगा।

आम तौर पर पंजाबी लोग अहंकारी नेताओं को सत्ता से बाहर करने के लिए वोट देते हैं। उनकी कोई पसंदीदा पार्टी शायद ही कभी रही है। पिछले चुनावों में आम आदमी पार्टी को मिली जबरदस्त जीत का श्रेय ह्यआपह्ल के नेतृत्व से किसी बड़ी उम्मीद के बजाय, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के कुशासन के लिए उन्हें दी गई सजा को ज्यादा जाता है। हो सकता है कि अब वे आप से भी मोहभंग महसूस कर रहे हों, लेकिन वे इतने नाराज भी नहीं हैं कि उसे सत्ता से ही बेदखल कर दें।

सिख राजनीतिक विचारक और लेखक, अजमेर सिंह के अनुसार ह्यभाजपा ने हरियाणा में जाटों को अलग-थलग करके और गैर-जाटों को एकजुट करके चुनाव जीता था। पंजाब में भी वह यही रणनीति अपना सकती है–सिख जाट वोटों को बांटना और हिंदू, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग वोटों को एकजुट करनाह्ल। डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख को पद्मश्री से सम्मानित करना और उसके बाद दलित बहुल इलाके में गुरु रविदास को श्रद्धांजलि देने के लिए पीएम मोदी का डेरा दौरा, जाहिर तौर पर इसी रणनीति का हिस्सा हैं।

पंजाब के कुल वोटों में दलितों की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत है और जालंधर, कपूरथला, नवांशहर और होशियारपुर–इन चार ज़िलों की 117 विधानसभा सीटों में से 23 सीटों के नतीजों में वे निर्णायक भूमिका निभाते हैं। दलितों के बीच रविदासिया समुदाय एक बड़ा हिस्सा है। भाजपा इसी समुदाय पर दांव लगा रही है। भाजपा की इस चुनावी रणनीति को एक और चीज से भी मदद मिल रही है–दोषी डेरा प्रमुख राम रहीम की बार-बार पैरोल पर रिहाई। पंजाब के मालवा इलाके के कुछ हिस्सों में राम रहीम के बहुत सारे अनुयायी हैं और फिलहाल उसका पसंदीदा दल भाजपा है। ब्यास स्थित राधा स्वामी डेरा आमतौर पर राजनीतिक रूप से तटस्थ रहता है।भाजपा की दलितों तक पहुंच बनाने की कोशिश भी शायद ही कामयाब हो जाए, क्योंकि पंजाब में अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटर बंटे हुए हैं और अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों का समर्थन करते हैं। यही वजह है कि बहुजन समाज पार्टी पंजाब में ज्यादा कामयाबी हासिल नहीं कर पाई। और इसीलिए भाजपा के लिए हरियाणा वाली सफलता को पंजाब में दोहराना मुश्किल होगा। यहां पर हालात पूरी तरह से उसके अनुकूल नहीं हैं। सिख आमतौर पर भाजपा से दूरी बनाकर रखते हैं, क्योंकि भाजपा की राजनीति भड़काऊ होती है, एजेंडा सांप्रदायिक केंद्रित होता है, और वह डेरों को संरक्षण देती है। सिखों का मुख्य सिद्धांत है ह्यसरबत दा भलाह्ल (सबका कल्याण)। पंजाबी स्वभाव से ही धर्मनिरपेक्ष होते हैं। उग्रवाद के चरम पर होने के समय भी, गंभीर उकसावों के बावजूद, कोई बड़ा सांप्रदायिक विभाजन नहीं हुआ था।

सिखों को लुभाने के वास्ते, भाजपा ने पगड़ीधारी कई नेताओं को पार्टी में शामिल किया है। राजनीति को धर्म से जोड़ते हुए, वह अक्सर गुरु तेग बहादुर और साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदानों को याद करती है, और करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने के बारे में दावे करती है; लेकिन इन सब बातों का कोई खास असर नहीं होता। इसके विपरीत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लगातार दोहराया जाने वाला यह नजरिया कि सिख भी हिंदुओं का ही हिस्सा हैं, इस समुदाय को विशेष रूप से नाराज करता है। पंजाब यूनिवर्सिटी में कैंपस पर ह्यभगवा वर्चस्वह्ल की कोशिशों के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे।भाजपा की सत्ता पाने की कोशिश का समर्थन किसानों और खेतिहर मजदूरों द्वारा करने की संभावना कम ही है। पहले ही, तीन विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के साल भर चले विरोध प्रदर्शनों ने भाजपा नेतृत्व को बैकफुट पर धकेल रखा है। तिस पर ह्यबीज विधेयकह्ल, ह्यबिजली विधेयकह्ल और अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते ने उन्हें फिर से आंदोलन की राह पर ला खड़ा किया है। मोगा में अमित शाह किसानों की चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बात कर सकते थे। भाजपा की राष्ट्रीय आर्थिक नीतियां भी पंजाब को रास नहीं आती। इन नीतियों से आजादी के बाद पहली बार इतनी ज्यादा आर्थिक असमानता देखने को मिली है, और मुट्ठी भर ह्यगोदी सेठोंह्ल के हाथों में अकूत संपत्ति जमा हो गई है। धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देना, समाज में भय को हवा देना, और लोगों का ध्यान भटकाने वाली राजनीति करना–ये सब भले ही व्यापक आर्थिक संकट को छिपा लें और चुनावी जीत दिला दें, लेकिन अंत में जीत हमेशा सच्चाई की ही होती है।

पंजाब के दौरों के दौरान, मोदी-शाह की जोड़ी ने न तो पंजाब के मूल मुद्दों को छुआ और न ही राज्य को मौजूदा मुश्किल हालात से निकालने के लिए कोई सोची-समझी योजना पेश की। क्या भाजपा के पास पंजाब को उस ह्यआर्थिक संकटह्ल से बचाने का वह दृष्टिकोण है, जिसकी कमी के लिए अतीत की सत्ताधारी पार्टियां कुख्यात रही हैं? क्या यह राज्य के सिर चढ़े उस कर्ज का बोझ हल्का करने में मदद कर सकती है, जो पिछले कई सालों में बेतरह ज्यादा खर्च, सोचे-समझे बिना कर्ज लेने और रेवड़ी योजनाओं में पैसे की बबार्दी की वजह से जमा हो गया है?

तथापि सूबे में अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन और सत्ता तक पहुंचने के रास्ते में आने वाली ढेरों रुकावटों के बावजूद, इस बार भाजपा की पंजाब में पैठ बनाने की कोशिश को हल्के में नहीं लेना चाहिए। भाजपा की ह्यवोट जीतने वाली मशीनह्ल की ताकत और पहुंच को कम करके नहीं आंकना चाहिए। इसके संगठनात्मक कौशल, आर्थिक ताकत, आरएसएस का समर्थन और एक अनुकूल चुनाव आयोग, ये ऐसे बेजोड़ फायदे हैं जिनका कोई तोड़ नहीं है। पार्टी नेतृत्व की राजनीतिक रणनीतियां और जातिगत समीकरण अक्सर मनचाहे नतीजे देते हैं।

# राजनीति में बिकाऊ घोडों का बाजार

• राकेश अचल

राज्यसभा चुनाव में बिकाऊ घोडों ने एक बार फिर से सुर्खियां बटोरीं. बिकाऊ घोडे कांग्रेस में ही ज्यादा निकले. घोडे खरीदने में सबसे ज्यादा



दिचस्पी भाजपा ने दिखाई. घोडे वैसे स्वामिभक्त होते हैं लेकिन जब स्वामिभक्ति से उनका मोह भंग होता है तो वे औने-पौनें दामों पर बिक जाते हैं.

लोकतंत्र में जनता हमेशा ईमानदार सेवक चुनती है लेकिन अक्सर जनसेवक या तो चोर चौकीदार बन जाते हैं या फिर घोडे निकल जाते हैं. बिकने वाले घोडे अक्सर बेशर्म हो जाते हैं. उन्हे अपनी विरासत याद नहीं रहती. खासतौर पर वे भूल जाते हैं कि वे चाहे जिस मूल के हों लेकिन उन्हे चेतक की तरह ही माना जाता है.

चेतक एक दंतकथा बन गया है जो मरते दम तक नहीं बिका. झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का घोडा बादल भी चेतक की तरह स्वामिभक्त था. शहीद हो गया लेकिन बिका नहीं. चेतक और बादल की ब्रीड अब विलुप्त हो गई है. अब घोडे चाहे अस्तबल के हों चाहे किसी राजनीतिक दल के चेतक या बादल जैसे टिकाऊ नहीं बल्कि बिकाऊ ही होते हैं.

दर असल घोडे घास से यारी नहीं करते इसलिए जहाँ भी उन्हे हरी घास दिखती है वे पूंछ हिलाते हुए बिक जाते हैं. अस्तबल बदल लेते हैं. जगजाहिर है कि कांग्रेस की हालत इन दिनों पतली चल रही है. कांग्रेस को चंदा भी कम मिल रहा है, ऊपर से कांग्रेस के पास भी एटीएम गिनेचुने हैं. ऐसे में घोडेनुमा जनसेवक दुबले हो रहे हैं. अब बेचारे बिके न तो क्या करें?

मेरी याददास्त के हिसाब से पहले बिकने वाले घोडे आयाराम-गयाराम कहे जाते थे..इस शब्द की शुरूआत 1967 में हरियाणा के एक विधायक गया लाल से हुई थी। उन्होंने एक ही दिन में कई बार पार्टी बदली, तब एक नेता ने तंज कसते हुए कहा –ह्लये तो आयाराम, गयाराम हो गए !ह्व1967 के बाद हरियाणा में दल-बदल की राजनीति शुरू हो गई थी। बाद में भजनलाल ने 1980 में एक बड़ा राजनीतिक खेल किया–

वे जनता पार्टी से जुड़े थे लेकिन उन्होंने पूरे के पूरे विधायकों का समूह लेकर कांग्रेस में शामिल हो गए यानी सरकार ही शिफ्ट हो गई बिना चुनाव के. यही वजह है किःआयाराम-गयाराम संस्कृति को

भजनलाल के दौर में नई ऊंचाई मिली मतलब साफ हैः

पहले एक विधायक पार्टी बदलता था बाद में पूरा झुंड बदलने लगा इसलिए जब भी भारत में दल-बदल की राजनीति की बात होती है,तो गया लाल और भजनलाल का नाम जरूर आता है.

आयाराम गयाराम हकीकत में बिकाऊ घोडों की ही एक चर्चित नस्ल है. पहले इस नस्ल के घोडे कांग्रेस अपने अस्तबलों में बांधक इतराती थी, आज यही घोडे भाजपा के अस्तबलों की शोभा बढा रहे हैं. अब 'संघे शक्ति कलियुगे' नहीं कहा जाता. अब कहा जाता है'घोडा शक्ति कलियुगे'. पर अभी तक अश्वशक्ति मशीनी क्षमताओं के लिए मापदंड था, अब यही सरकारों पर लागू होता है. जिस सरकार के पास जितने घोडे होते हैं वो सरकार उतनी मजबूत होती है. अश्वशक्ति से दलों की ताकत उच्च सदन में भी अप्रत्याशित रूप से बढती है.

कुलजमा बात ये है कि जिस राजनीतिक दल की घुडसाल चितनी मजबूत होगी वो दल उतना मजबूत होगा. आप कह सकते हैं कि लोकतंत्र घोडों की खरीद फरोख्त पर ही निर्भर हो गया है. आने वाले दिनों में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. मुमकिन है कि इन राज्यों मे भी भाजपा घोडों की खरीद फरोख्त के कारोबार को एक बार फिर गतिमान बना सकती है.




# सिने जगत

## संसद में उठा अश्लील गाने सरके चुनर का मुद्दा, अश्विनी वैष्णव बोले- सरकार कड़े एक्शन लेने के लिए तैयार



फिल्म केडीः द डेविल के अश्लील गाने सरके चुनर तेरी सरके का मुद्दा संसद तक पहुंच गया है। संसद सत्र में समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदोरिया ने सरके चुनरिया गाने की अश्लील लिरिक्स का मुद्दा उठाया था। इस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ह्यअध्यक्ष जी, जिस गाने के बारे में सांसद जी ने कहा है, उस गाने पर पहले ही बैन लग चुका है। मैं स्पष्ट तौर पर आपके माध्यम से पूरे सदन को कहना चाहूंगा कि हमें फ्रीडम ऑफ स्पीच पर भारत के संविधान निमार्ताओं ने जो रीजनेबल रिस्ट्रिक्शन लगाए हैं, उसी के हिसाब से चलना चाहिए।

आगे उन्होंने कहा, ह्यआने वाले समय में डिजिटल के माध्यम से जिस तरह से तेजी से चीजें फैलती हैं, उसमें हमें समाज के प्रोटेक्शन खासकर बच्चों के प्रोटेक्शन, महिलाओं के प्रोटेक्शन और पिछड़े वर्ग के प्रोटेक्शन के लिए जो भी कड़े एक्शन लेने पड़ें, वो लेने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

डायरेक्टर प्रेम जोगी का विवाद पर कहना है कि ये पूरा गाना बोतल पर बना है, जिसे पूरा सुने बिना ही लोग निष्कर्ष पर पहुंच गए। उनका ये भी कहना है कि अगर किसी की सोच गलत है तो वो गाने को गलत ही समझेगा। डायरेक्टर प्रेम के अलावा उनकी पत्नी रक्षिता ने भी विवाद पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर ये गाना अश्लील है तो जब चोली के पीछे जैसे गाने या डर्टी पिक्चर आई तब उस पर आपत्ति क्यों नहीं ली गई।

फिल्म केडीः द डेविल के डायरेक्टर प्रेम जोगी ने हाल ही में बैंग्लोर टाइम्स को दिए इंटरव्यू में विवाद पर कहा, ह्लअगर किसी का नजरिया सही है, तो वह इस गाने को गलत तरीके से नहीं लेगा। जब भी किसी महिला का मामला होता है, लोग सबसे बुरा क्यों सोच लेते हैं? लोग असली वीडियो देखे बिना या संदर्भ समझे बिना रिएक्शन दे रहे हैं।

आगे डायरेक्टर कहते हैं, सेंसर बोर्ड किसी कारण से है। मुझे उन पर भरोसा है और मैं उनके फैसले के साथ खड़ा रहूंगा। अगर कुछ लोग इस गाने को कोई लेबल देना चाहते हैं, तो वे स्वतंत्र हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि मेरा इरादा किसी को नुकसान पहुंचाने का नहीं है।

बातचीत में प्रेम जोगी ने ये भी कहा है कि भले ही हिंदी गाना हटा दिया गया है, लेकिन इसका कन्नड़ वर्जन हटाया नहीं जाएगा। वे आलोचना को खारिज नहीं कर रहे, लेकिन उनका कहना है कि वो ऐसे मामलों से निपटने के लिए तैयार हैं।

विवाद के बीच डायरेक्टर प्रेम की पत्नी रक्षिता ने भी कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर गाने और डायरेक्टर के समर्थन वाले कई पोस्ट शेयर किए हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, जब फीलिंग्स(पुष्पा-2 का गाना), ड्रीमम वेकअपम (अय्या मूवी का गाना), चोली के पीछे (खलनायक का गाना) या ऐसे ही 100 गानों में एक जैसी बातें थीं, तब सबको ठीक लगा। जब पूरी फिल्म आई जिसमें दिखाया गया कि एक्टर्स ने पूरी फिल्म में यौन संबंध बनाए, तब भी सबको ठीक लगा। लेकिन एक गाने पर इतना बड़ा मुद्दा बना दिया गया। मैं सिर्फ इसे समझने की कोशिश कर रही हूं, ताकि समझ सकूं कि ऐसा क्यों हो रहा है।

पैन इंडिया फिल्म केडीः द डेविल, 30 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली है। 14 मार्च को इस फिल्म का गाना सरके चुनर तेरी कई भाषाओं में रिलीज हुआ। ये गाना नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया था। यूट्यूब पर गाना जारी होते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा, जिसका कारण था, गाने के अश्लील और डबल मीनिंग बोल। इसके अलावा गाने में दिखाए गए डांस स्टेप्स और पिक्चराइजेशन भी काफी आपत्तिजनक थे।

# युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं!

• डा. गिरीश

साम्राज्यवादी युद्धोन्मादी अमेरिका और जियानवादी हिंसक इजरायल द्वारा ईरान पर थोपे गये अवांच्छित और विध्वंसकारी युद्ध की विभीषिका पर कालजयी शायर साहिर लुधियानवी की मशहूर नज्म आज और भी प्रासंगिक बन पड़ी है। युद्ध के बारे में लिखी गयी इस नज्म का यद्यपि एक एक हरूफ सार्थक और सोद्देश्य है लेकिन ये चार पंक्तियाँ ही युद्ध की समूची फिलास्फी को तार- तार कर देती हैं-

जंग तो खुद ही एक मसअला है
जंग क्या मसअलों का हल देगी
आग और खून आज वख्शेगी
भूख और एहतियाज कल देगी

अमेरिका और इजरायल ईरान पर थोपे गये इस युद्ध को उचित ठहराने के जो कारण गिनाते रहे हैं वे तर्क की कसौटी पर कहीं भी खरे नहीं उतरते। वे कहते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बनाने जा रहा है। तो फिर सवाल उठता है कि आप कौन होते हैं उसे रोकने वाले। आप दोनों तो खुद ही परमाणु हथियारों का भारी जखीरा लिये बैठे हैं। इजरायल ईरान का दसवां भाग भी नहीं है, लेकिन उसके गोदामों में भारी मात्रा में परमाणु अस्त्र- शस्त्र भरे पड़े हैं। वे प्रचारित करते हैं कि ईरानी परमाणु बम इजरायल और अमेरिका को बर्वाद करने को लक्षित हैं, तो फिर आप भी जबाव दीजिये कि आपके हथियार क्या शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये हैं? क्या हथियारों के बल पर दुनियाँ में कहीं कोई शान्ति स्थापित हुयी है? दुनियाँ के किसी भी कोने में इतिहास में कोई एक भी उदाहरण मिलता हो तो बताइये जरूर।

फिर गत वर्ष भी आपने परमाणु हथियारों को विनष्ट करने का बहाना लेकर ईरान के संभावित परमाणु केन्द्रों पर इ-2 जैसे घातक बमवर्षकों से हमला बोल दिया था और दावा किया था कि नाभिकीय ठिकानो, नाभिकीय ईंधन और हथियारों को नष्ट कर दिया गया है। तो जबाव दीजिये कि दुनियाँ से आप तब झूठ बोल रहे थे या अब? क्या इससे साबित नहीं होता कि आप अपनी सनक, अपनी हनक, अपनी अर्थव्यवस्था-- जो कच्चे- पक्के तेल और विनाशक हथियारों की तिजारत से फलफूल रही है की वासना के वशीभूत हो कर ही दुनियाँ के कोने कोने में युद्ध थोपते हैं और वहां लूटपाट कर निकल लेते हैं।

आपका दूसरा तर्क भी टिकाऊ नहीं है। दुनियाँ में लोकतन्त्र के स्वयंभू रक्षक बनने की हसरत पाले बैठे आपने दावा किया था कि आप ईरान की इस्लामिक तानाशाही को समाप्त कर वहां लोकतन्त्र स्थापित करना चाहते हैं। आपने अपने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये पहले सत्ताविरोधी आंदोलन भड़काया जिसमें आपको असफलता हाथ लगी। फिर आपने शांति वार्ता का नाटक रचा और वार्ता के दरम्यान ही छलपूर्वक हमला कर सुप्रीमो अयातुल्लाह खोमेनी को उनके 44 साथियों सहित मार डाला। आपको लगा कि ईरान नेत्रत्वविहीन होगया और अब लोग सड़कों पर उतर आयेंगे। तब आप ईरान में अपनी कठपुतली सरकार बैठा देंगे। आपने ईरान को वेनेज्वेला समझने की भूल की और आपका यह सपना भी धरे का धरा रह गया।

आर्थिक- साम्राज्यवादी शोषण से संचित अपार धन संपदा आपके पास है, और दुनियाँ के सोने का बड़ा हिस्सा आपके गोदामों में भरा है। कहावत है कि ह्यसर्व गुणाः कांचनम्‌ आश्रयन्तिह्ल अर्थात सारे गुण सोने ( धन सम्पदा ) में निहित हैं। उसके बल पर आपने विध्वंसकारी हथियार जुटाये हैं और पिट्ठू इजरायल के साथ मिल कर आपने ईरान के कोने कोने को ध्वस्त कर दिया। आप निरंतर जीत के ख्याली दावे कर रहे हैं । फिर यह विनाशक जंग क्यों जारी है आप जबाव नहीं दे पा रहे हैं। साफ है आपके पास हमले के लिये कोई वाजिब कारण था ही नहीं और अब जब इस महायुद्ध में गर्दन तक फंस गये हैं , उससे बाहर निकलने और नाक बचाने को आपको कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। जो दुर्गति आपने अफगानिस्तान में झेली वही आप ईरान में झेलने जा रहे हैं। अब तो आप समझ ही गये होंगे कि हजारों साल पुरानी सभ्यतायें चन्द बमों से नष्ट नहीं की जा सकतीं।

आप और आपका देश मानवाधिकारों का पहरुआ बनने की कोशिशें करता रहा है। लेकिन इजरायल द्वारा गाजा में किये जा रहे नरसंहार को आपका निर्लज्ज समर्थन हासिल है। इस बीच आपको शांतिदूत बन कर नोबेल शान्ति पुरुष्कार पाने की सनक सवार है। एक उधार का नोबेल आप अपने गले में लटकाये घूम रहे हैं। आपके भारतीय मित्र भी इजरायल जाकर एक ऐसा ही फर्जी तमगा गले में डलवा कर आत्म संतुष्ट हैं। लेकिन 28 फरबरी को आपने एक बालिका विद्यालय पर थोड़े अंतराल से दो बार बमबारी कराई ,जिसमें 168 निर्दोष बच्चियाँ और 14 अध्यापिकाएं शहीद हो गईं। आपको इस जघन्य अपराध के लिये क्षमा मांगनी चाहिये थी, लेकिन ढीढ़ता की सारी हदें पार करते हुये, आपने ईरान पर ही इसका आरोप जड़ दिया।

धनबल और शस्त्रबल में ईरान आपके सामने कहीं नहीं ठहरता, लेकिन जिस बहादुरी से वह इजरायल और अमेरिकी अड्डों को तवाह कर रहा है, वह इतिहास के स्वर्णिम दस्तावेजों में दर्ज हो रहा है। इससे न केवल आपकी बौखलाहट बढ़ी है, अपितु हताशा में आपने एक बार फिर ईरानी नेत्रत्व का संहार शुरू कर दिया। सामंतवादी युग में भी युद्ध के कुछ नियम थे लेकिन आधुनिकता और लोकतन्त्र का परचम लहराने का नाटक करते हुये आपने सारे संसार पर जंगल के कानून थोप दिये।

बकौल आपके आपने यह युद्ध आप द्वारा खुद गड़े गये मुद्दों के हल के लिये शुरू किया था, लेकिन इसने आज अनेक मुद्दे खड़े कर दिये हैं।

किसी भी देश के भीतर सत्ता में बदलाव उस देश का निजी मामला होता है। उस देश की जनता का अधिकार है कि वह लोकतान्त्रिक तरीके से अपनी सरकार चुने। पर आपने तो सारी दुनियाँ में दखलंदाजी का ठेका ले रखा है। आपकी साजिशों में सहभागी इजरायल फिलिस्तीन, गाजा, लेबनान और ईरान में वही सब कर रहा है। आपने वेनेज्वेला में कमांडो आपरेशन चला कर प्रेसीडेंट मादुरो और उनकी पत्नी का अपहरण कर उन पर अभियोग चलाया है। लेकिन एक संप्रभु देश की सीमाओं का अतिक्रमण कर वहाँ के राष्ट्राध्यक्ष के अपहरण का मुकदमा तो आप पर चलना चाहिए।

इराक, लीबिया और अब ईरान के नेत्रत्व को आपने जिस तरह बलात हलाक किया है, क्या इससे यौद्धिक हिंसा की नयी परंपरा कायम नहीं होगयी? यदि यही परंपरा दूसरे शक्तिशाली देश भी शुरू कर दिये तो बची खुची विश्व व्यवस्था भी तहस नहस हो जाएगी। आपकी मनमानी से संयुक्त राष्ट्र संघ और अंतर्राष्ट्रीय न्याय प्रणाली अंतिम साँसे गिन रहे हैं और बढ़ा प्रश्न खड़ा हो गया है कि अमेरिका- इजरायल को कौन युद्ध अपराधी घोषित करेगा? कौन उन्हें दंडित करेगा? आप सारी दुनियाँ को ईरान के खिलाफ बरगला कर विश्वयुद्ध भड़काना चाहते हैं। आप उन देशों का आह्वान कर रहे हैं कि वे अपनी सेनाएँ होरमुज भेजें जिनके कि जहाज वहाँ फंसे हैं।

आपके इस मनमाने कदम से विश्व अर्थव्यवस्था आज चरमरा कर रह गयी है। शिपिंग का खर्च 5 गुना बढ़ गया है। अकेले भारत का ही 12000 करोड़ का माल समुद्र में फंसा है। कच्चे तेल की कीमतें काबू के बाहर जा चुकी हैं। रसोई गैस की महंगाई और अनुपलब्धता ने घर और बाजार की व्यवस्था पर गहरी चोट की है। शेयर बाजार धड़ाम हो गये है। डालर के मुकाबले रुपया 92 के ऊपर हो गया है। आयात निर्यात में भारी गिरावट है। पेट्रोलियम पदार्थ आधारित उद्योग ठप पद चुके हैं। इसका प्रभाव अन्य उद्योगों पर साफ दिख रहा है। बेरोजगारी मेन बेपनाह बढ़ोत्तरी हुयी है। प्राकृतिक और मानव निर्मित संपदाओं की बड़े पैमाने पर बरवादी हो रही है। पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंची है। आप इन समूचे हालातों पर संवेदनशील और तार्किक रुख अपनाने के बजाए निरंतर उकसावे और विनाशकारी कारगुजारियों में जुटे हैं।

जंग खत्म करने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों की अनुपस्थिति में ईरान ने ही आगे बढ़ कर जंग खत्म करने की सशर्त पेशकश की है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने साफ कहा है कि अगर क्षेत्र में जारी तनाव और जंग को खत्म करना है तो पहले ईरान के अधिकारों को स्वीकार करना होगा। उन्होने कहा कि हालिया हमलों से हुये नुकसान की भरपाई की जाये और भविष्य में ईरान पर किसे तरह के हमले न हों, इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गारंटी दी जाये। तेहरान ने स्पष्ट किया है कि इन शर्तों के बिना स्थाई शांति संभव नहीं है।

विश्व जनमत को ईरान की इस पुकार को सुनना चाहिये और जंग जल्द से जल्द खत्म हो और प्रथ्वी इवान मानवता का भविष्य सुरक्षित हो सके। युद्ध किसी समस्या का समाधान न कभी हुआ है न होगा- साहिर की पंक्तियाँ

इसलिए ए शरीफ इन्सानों
जंग टलती रहे तो बेहतर है
आप और हम सभी के आँगन में

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न



**पीडीडीयू नगर(चंदौली), 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सर्किट हाउस सभागार में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के सभापति माननीय अंगद कुमार सिंह ने की बैठक में सभापति और समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से ट्रांसफार्मर की मरम्मत,जनपद में औसत विद्युत आपूर्ति,उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मर की स्थिति व उसके रख-रखाव पर जानकारी ली। इसके अतिरिक्त 1912 पर प्राप्त विद्युत संबंधी शिकायतों के निस्तारण और मीटर रीडिंग पर भी चर्चा हुई।सभापति ने निर्देश दिए कि विद्युत समस्या से संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण समय पर सुनिश्चित किया जाए। 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की आजीविका और कृषि कार्य सुचारु ढंग से हों इसके लिए निर्धारित समयावधि में विद्युत आपूर्ति की जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों पर भी प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए,ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का कार्य भी निर्धारित समय के अनुसार पूरा किया जाए।अधिकारी जनता के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें।सभापति ने यह भी कहा कि विजिलेंस टीम द्वारा छापेमारी लाइन लॉस वाले क्षेत्रों में अधिक की जाए।विजिलेंस टीम द्वारा छापेमारी के दौरान जांच पारदर्शिता के साथ की जाए और विद्युत उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।समिति ने प्राथमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण तथा बिलों के भुगतान संबंधी शिकायतों के निस्तारण व उन पर की गई कार्रवाई के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी मांगी।समिति ने बेसिक शिक्षा विभाग के उन विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन देने को कहा जहां अभी तक कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। इसके साथ ही,जिन प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजर रहे हैं,उन्हें हटाने की कार्रवाई की जाए।समिति ने ग्राम पंचायत भवनों पर भी विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली।समिति द्वारा अंत्येष्टि स्थलों पर भी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। चंदौली के विद्युत विभाग एसई के जवाबों पर समिति ने अप्रसन्नता जाहिर की।बैठक में तैयारी करके आने को निर्देशित किया।बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा समिति के प्रति धन्यवाद देते हुए दिए गए निर्देशों के उचित क्रियान्वयन की बात कही।बैठक के दौरान विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह,श्याम नारायण सिंह'विनीत सिंह',रविशंकर सिंह 'पप्पू',सत्यपाल सैनी, अमित गुप्ता, जिलाधिकारी चंदौली चंद्र मोहन गर्ग,मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साई,अपर पुलिस अधीक्षक अनंत चंद्रशेखर सहित विद्युत विभाग व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

## महिलाओं-बालिकाओं को जागरूक करने हेतु चलाया गया अभियान



**पीडीडीयू नगर(चंदौली), 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** उ०प्र० शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान(फेज-5.0) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा बाजारों,ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर महिलाओ/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया।महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के संबंध में संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर,181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना,प्रदेश में स्थापित महिला शरणालय,शक्ति सदन व सखी निवास योजनाओं के बारे में बताया गया।साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों यथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न(निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष), अधिनियम,2013, दहेज निषेध अधिनियम,1961 (संशांधित 1986) तथा गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध)अधिनियम, 1994 के प्रमुख प्रावधानों के बारे में आमजन को जागरूक किया गया।

साथ ही थाना स्थानीय पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य,उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## नवनिर्माण के 9 वर्ष विकास पुस्तिका का किया विमोचन, भदोही में हुआ सजीव प्रसारण



**भदोही , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** नवनिर्माण के 9 वर्षसंकल्प से सिद्धि सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि, उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पर आयोजित केन्द्र सरकार के 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिवसीय प्रदर्शनी/मेला एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से सम्बंधित कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन परिसर के मल्टी परपस हॉल में किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक भवन लखनऊ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्माण के 9 वर्ष शीर्षांकित विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया, कार्यक्रम का सजीव प्रसारणजिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, मा0 विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर,जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में उपस्थित पुरुष/महिला लाभार्थियों व किसान भाइयों द्वारा देखा व सुना गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बाहरी उद्यमियों द्वारा निरन्तर भारी मात्रा में निवेश किया जा रहा यह प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही व्यवस्थाओं/सुरक्षा पर भरोसा का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रदेश सरकार द्वारा विगत 09 वर्षों में प्रदेश की तरक्की हेतु किये गये विकास कार्यो से परिचित होने के साथ-साथ विकास के प्रति समर्पित केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जानने समझने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज किसान, नौजवान सहित समाज के हर वर्ग को सभी योजनाओं का जमीनी स्तर पर लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत 09 वर्षो में सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के बारे में लोगो धारणा बदली है, आज प्रदेश में हर व्यक्ति स्वंय को पूरी तरह से स्वतंत्र व सुरक्षित महसूस कर रहा है। युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के पूर्ण पारदर्शिता के साथ नौकरी एवं रोजगार का अवसर मिल रहा है। माफिया एवं गुण्डाराज का पूरी तरह से सफाया हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि आज हमारे समाज में बहू बेटिंया पूरे सम्मान एवं स्वालम्बन के साथ सुरक्षित वातावरण में निरंतर आगे बढ़ रही है।

विधायक औराई दिनानाथ भाष्कर ने केन्द्र सरकार के गौरवपूर्ण 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के 09 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया बन्धुओं एवं जनसामान्य को हार्दिक बधाई एवं शुभाकामना दिया। केन्द्र सरकार के 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर द्वारा जनपद के प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया बन्धुओं के साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## यातायात पुलिस , द्वारा आगामी पर्वो के दृष्टिगत जागरूकता अभियान कर किया गया जागरूक

**भदोही , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में ,यातायात प्रभारी भदोही, राकेश कुमार सिंह द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चेकिंग में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट,ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट/यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 38 दोपहिया तथा 04 चार पहिया सहित कुल 42 वाहनों का चालान किया गया। जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें ।

यातायात पुलिस की आमजन से अपील

1. दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सिर के गम्भीर चोट से सुरक्षित रह सकें।
2. दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलायें।
3. शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलायें।






## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स के साथ की गई गोष्ठी

**भदोही , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।**श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार में गोष्ठी की गई। पुलिस पेंशनर्स की गोष्ठी के माध्यम से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच एक दूसरे से दूरी कम करने का सार्थक प्रयास है। गोष्ठी के दौरान उनकी समस्याओं/सुझावों को सुना गया। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई कि वह पुलिस की कार्य प्रणाली से भलि-भांति परिचित होते है, असामाजिक तत्वों के संबंध मे कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुये उनके द्वारा सहयोग प्रदान किया जाय। उनकी कोई व्यक्तिगत समस्या हो तो वह अपनी बात संबंधित थाने एवं उच्चाधिकारियो के संज्ञान मे निःसंकोच अपनी समस्या से अवगत करायें। समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि जब भी कोई सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उनके थाने पर उपस्थित हो तो उसकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु तत्काल कार्यवाही करें ।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित




**पीडीडीयू नगर(चंदौली), 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आगामी त्यौहार नवरात्रि, रामनवमी व ईद-उल-फितर पर्वो पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सदर देवेन्द्र कुमार द्वारा थाना सैयदराजा पर, क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर द्वारा थाना मुगलसराय पर व अन्य थानों पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी संप्रदाय वर्गो के धर्मगुरु,सम्भ्रान्त व्यक्तियों,डी0जे0 संचालकों,नगर पंचायत विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण से वार्ता कर उपरोक्त त्यौहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।

इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी /कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## 501 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित, डीएम ने उन्मूलन अभियान पर दिया जोर



**भदोही, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** सूर्या सेवा संस्थान द्वारा प्रबंधक सूर्यमणि तिवारी के सौजन्य से औराई ब्लॉक सभागार में आयोजित पोषण पोटली वितरण समारोह पूरे जनपद के 501 क्षय रोगियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। शैलेष कुमार जिलाधिकारी ने अपने करकमलों द्वारा सभी पोषण पोटलियों का वितरण किया तथा क्षय रोग उन्मूलन हेतु 06 माह के विशेष अभियान चलाने की घोषणा की।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में क्षय रोग को पूर्णतः समाप्त करने के लिए आक्रामक अभियान पर बल दिया तथा सूर्यमणि तिवारी को हार्दिक धन्यवाद दिया, जिन्होंने 501 रोगियों को गोद लेकर यह सराहनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह पहल क्षय रोग उन्मूलन योजना को मजबूत बनाएगी तथा मरीजों की प्रतिरक्षा प्रणाली को सशक्त करेगी। डीएम ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुधार के लिए अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया।सूर्यमणि तिवारी ने जिलाधिकारी की प्रेरणा से प्रेरित होकर इस कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने रोग के लक्षणों, जांच एवं इलाज पर संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन डॉ. कृष्णा दुबे, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई के भावपूर्ण धन्यवाद भाषण से हुआ। उन्होंने अपने समृद्ध अनुभव के आधार पर क्षय रोग उन्मूलन अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका का विस्तृत विवरण साझा किया तथा क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुधार के लिए किए गए निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। डॉ. दुबे ने जिलाधिकारी के सहयोग, सूर्या सेवा संस्थान के योगदान तथा सभी सहयोगी चिकित्सकों व स्टाफ के समर्पण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सामूहिक प्रयासों से ही जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने का लक्ष्य साकार होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अनिल दुबे (जख्मी जी) एडीएमओ ने किया। कार्यक्रम में बीडीओ दिलीप पासी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई से डॉ. राजीव पांडेय, डॉ. अमित सिंह, डॉ. राहुल द्विवेदी, डॉ. पंकज, डॉ. विनोद कुमार सिंह, आरो प्रिंस कुमार मिश्रा, बीसीपीएम अवधेश मिश्रा, एस टी एस रजनीश झा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। यह आयोजन जनपद स्तर पर क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### खरीफ सीजन से साथी पोर्टल से बिकेंगे बीज

**पीडीडीयू नगर(चंदौली), 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** शासन ने किसानों को निर्धारित दर पर उन्नतशील और गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं इन निर्देशों के अनुसार, आगामी खरीफ सीजन से सभी प्रकार के बीजों की बिक्री भारत सरकार द्वारा विकसित'साथी पोर्टल' के माध्यम से की जाएगी इस नई व्यवस्था के तहत, साथी पोर्टल पर बीज वितरण की प्रक्रिया की जानकारी और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।यह प्रशिक्षण 19 मार्च, 2026 को बृहस्पतिवार के दिन कृषि कल्याण केंद्र, सदर में होगा।जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने अवगत कराया है कि सभी बीज विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि पर समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसका उद्देश्य आगामी खरीफ सीजन में बीज वितरण के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई से बचना है।

### मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान चलाकर किया गया जागरूक

**भदोही , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना ह्लमिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद भदोही में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में ₹मिशन शक्ति 5.0₹ अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरुक किया गया।

### नवरात्रि से पहले जगमगाया 176 साल पुराना ओझला पुल

**मिर्जापुर , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** विंध्याचल मार्ग पर स्थित 176 वर्ष पुराना ऐतिहासिक ओझला पुल नवरात्रि से पहले तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठा है। यह धरोहर इन दिनों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पुल को विशेष रोशनी से सजाया गया है, जिससे इसकी भव्यता और बढ़ गई है। यह अनोखा पुल पहाड़ी नदी पुण्यजला और गंगा नदी के संगम स्थल पर पानी के बीच निर्मित है। इसकी विशेषता यह है कि यह चार मंजिला सराय के रूप में बना है, जिसकी छत से होकर सड़क गुजरती है। यह सड़क मीरजापुर को प्रयागराज, वाराणसी सहित कई क्षेत्रों से जोड़ती है। पत्थरों पर की गई बेजोड़ नक्काशी और प्राचीन निर्माण तकनीक इसे वास्तुकला का अद्भुत नमूना बनाती है। इस पुल का निर्माण वर्ष 1850 में नगर के प्रसिद्ध व्यापारी महंत परशुराम गिरी ने कराया था। बताया जाता है कि उस समय मीरजापुर रुई की एक बड़ी मंडी थी। एक दिन रुई के दाम बढ़ने की सूचना मिलने पर महंत परशुराम गिरी ने पूरी मंडी की रुई खरीद ली। उस व्यापार से हुई एक दिन की कमाई को उन्होंने जनहित में खर्च करते हुए इस पुल और सराय का निर्माण करवाया। पुराने समय में जलमार्ग से व्यापार और आवागमन होता था, तथा विंध्याचल जाने के लिए लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ता था। इसी कारण व्यापारी और यात्री इस स्थान पर ठहरते थे। यात्रियों की सुविधा के लिए सराय की चारों मंजिलों पर बड़े-बड़े कमरे बनाए गए थे। पुल के खंभे षट्कोणीय आकार में निर्मित हैं, जो नदी की तेज धार को चीरते हुए पुल को मजबूती प्रदान करते हैं।

### तालाब और नाले पर अतिक्रमण के खिलाफ विरोध

**मिर्जापुर , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।**मिजार्पुर के तरकापुर डी.जे. कॉलोनी और महुवरिया क्षेत्र के निवासियों ने 15 बीघा सार्वजनिक तालाब और नगर पालिका के नाले पर हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पूर्व सांसद राम शकल और विहिप के पूर्व नेता मनोज श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर जनहित में तत्काल कदम उठाने की अपील की। पूर्व सांसद राम शकल ने कहा कि अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे उसमें कोई कितना ही बड़ा माफिया क्यों न शामिल हो। उन्होंने जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की भी बात कही और नगर के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त रखने पर जोर दिया। विहिप के पूर्व प्रांत संगठन मंत्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि सैकड़ों वर्ष पुराने इस तालाब, जो नगर पालिका की संपत्ति है, उस पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। उन्होंने भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मोहल्लेवासियों के अनुसार, वर्ष 2025 में इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था और कुछ ट्रैक्टर भी जब्त किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों ने दोबारा अवैध कार्य शुरू कर दिया। 13 मार्च 2026 को फिर से ट्रैक्टरों के जरिए तालाब को पाटने का काम शुरू कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक अतिक्रमित क्षेत्र से अवैध भराव नहीं हटाया गया है और न ही स्थायी रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भू-माफिया लोगों को डरा-धमकाकर काम कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। निवासियों ने कहा कि यह मामला न केवल सरकारी संपत्ति पर कब्जे का है, बल्कि पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल अतिक्रमण हटाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### हरसिंहपुर-विंध्याचल प्लाटून पुल का उद्घाटन

**मिर्जापुर , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।**मिजार्पुर में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने बुधवार को हरसिंहपुर से विंध्याचल तक प्रस्तावित प्लाटून पुल का उद्घाटन किया। यह पुल विंध्याचल धाम क्षेत्र में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक रत्नाकर मिश्र ने बताया कि इस पुल के निर्माण से कोन ब्लॉक, भदोही और हरसिंहपुर-तिलठी सहित आसपास के गांवों के लोगों को विंध्याचल आने-जाने में सुविधा होगी। इससे श्रद्धालुओं, किसानों, व्यापारियों और आमजन को अब लंबा रास्ता तय नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति प्रदान करेगा। विधायक ने इस परियोजना का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चल रही विकासोन्मुखी नीतियों के कारण ही ऐसे कार्य संभव हो पा रहे हैं।उन्होंने ₹डबल इंजन सरकार₹ के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाती रहेगी।

### विंध्याचल धाम में सड़क के बीच लगा हैंडपंप

**मिर्जापुर , 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।**मिजार्पुर में लोक निर्माण विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। विंध्याचल थाना क्षेत्र के कंतित इनारा इलाके में सड़क निर्माण के दौरान चालू हैंडपंप को हटाए बिना ही सड़क बना दी गई, जिससे वह अब सड़क के बीचों-बीच खड़ा होकर हादसों को न्योता दे रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मुख्यमंत्री के दौरे से पहले जल्दबाजी में सड़क का निर्माण कराया गया। इस दौरान न तो सुरक्षा मानकों का पालन किया गया और न ही बीच में मौजूद हैंडपंप को हटाया गया। स्थानीय निवासी आशीष कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन से महज तीन दिन पहले सड़क बनाई गई थी। निर्माण में लगे इंजीनियरों और ठेकेदारों ने हैंडपंप को शिफ्ट करने के बजाय उसे वहीं छोड़ दिया, जिससे राहगीरों को परेशानी के साथ दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।बता दें कि विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में 19 मार्च से नवरात्रि मेले का आयोजन होना है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क, पानी और बिजली जैसी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है, लेकिन इस तरह की लापरवाही ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय नागरिक कल्लू ने सुझाव दिया कि हैंडपंप को हटाने के बजाय वहां सबमर्सिबल पंप लगाया जाए, जिससे लोगों को पेयजल की सुविधा मिल सके। वहीं, स्थानीय ग्राम प्रधान के निर्देश पर अब हैंडपंप को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता बी.के. पांडेय ने कहा कि हैंडपंप को शिफ्ट करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की थी, जो समय पर यह काम नहीं कर सकी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही हैंडपंप को वहां से हटा दिया जाएगा।

# नेतृत्व की चुनौतियों का सामना विषय पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

सोनभद्र, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। आरएलआई विंध्याचल द्वारा मंगलवार को वीएसआर क्षेत्र के लिए प्रेरणा ए लीडरशिप टॉक सीरीज का तीसरा सत्र दो अलग-अलग बैचों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रातःकालीन सत्र मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए वैल्यू-आधारित संगठनात्मक संस्कृति के निर्माण में नेतृत्व की भूमिका विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें मूल्य-आधारित नेतृत्व को सुदृढ़ करने और दैनिक कार्यप्रणाली को एनटीपीसी के मूल्यों के अनुरूप ढालने पर जोर दिया गया। वहीं सायंकालीन सत्र एसएमसी सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए नेतृत्व की चुनौतियों का सामना विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें बदलते समय में नेतृत्व के सामने आने वाली जटिलताओं और भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सीजीएम एवं परियोजना प्रमुख, विंध्याचल, संजीब कुमार साहा द्वारा किया गया। उन्होंने मुख्य वक्ता,



एनटीपीसी के पूर्व निदेशक (मानव संसाधन) सप्तर्षि रॉय का स्वागत करते हुए संगठनात्मक संस्कृति को सशक्त बनाने, अनुभवों से सीखने और बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए नेतृत्व को तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई विंध्याचल) ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ह्लप्रेरणाह्व अपने वास्तविक स्वरूप में यह दर्शाता है कि नेतृत्व केवल पद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक प्रभाव, विश्वास और उद्देश्य से जुड़ा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मंच केवल ज्ञान साझा करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, प्रेरणा और नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का अवसर भी है। कार्यक्रम का समापन अपर महाप्रबंधक( आरएलआई ) राघवेंद्र प्रसाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

उन्होंने परियोजना प्रमुख( विंध्याचल ) संजीब कुमार साहा, एस. एन. पाणिग्रही (सीजीएम एवं आरएचओएचआर, एनआर एवं एसआर), मुख्य वक्ता सप्तर्षि रॉय तथा वरिष्ठ नेतृत्व मेंए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), मणिक्यान सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), सतेंद्र कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (टेक्निकल सर्विसेज एवं प्रोजेक्ट्स) एवंरूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) का विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी के मार्गदर्शन के लिए विशेष सराहना व्यक्त की गई तथा सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहभाग के लिए धन्यवाद दिया गया।

## फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच के प्रशिक्षण का समापन



सोनभद्र, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। जनगणना-2027 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में चयनित फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच के प्रशिक्षण का समापन तीसरे दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन दिवस के अवसर पर जनगणना निदेशालय से पधारे डिप्टी डायरेक्टर श्री हेमन्त कुमार वर्मा ने डिजिटल जनगणना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल माध्यम से जनगणना कार्य की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता एवं सावधानियों के बारे में समझाया। इस दौरान जनपद के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों के प्रश्नों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

प्रशिक्षण के अंत में सभी फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड में डेमो के माध्यम से डिजिटल जनगणना का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। उन्हें नक्शे के आधार पर हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (भ्स्ठ) तैयार करने, मकान गणना करने तथा ह्लहाउस लिस्टिंगह्व की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। साथ ही नजरिया नक्शा (स्केच मैप) बनाकर यह भी बताया गया कि बिखरे हुए मकानों की सही तरीके से नंबरिंग कैसे की जाए और कार्य को सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण किया जाए। प्रशिक्षण में लैंडमार्क चिन्हित करने की विधि पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के सफल समापन के साथ ही फील्ड ट्रेनर्स को आगामी जनगणना कार्य के लिए पूरी तरह तैयार किया गया।

## समाज जागरूकता के संकल्प के साथ सात दिवसीय शिविर समाप्त

शक्तिनगर, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन- रात) दिनांक 17 मार्च 2026 को स्वयंसेवकों द्वारा समाज सेवा और जनजागरूकता के संकल्प के साथ समाप्त हुआ। समापन समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर पारंपरिक गीत एवं नृत्य के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और इस संबंध में स्वयंसेवकों के सुझावों को स्थानीय प्रशासन तक पहुंचाने का प्रस्ताव पेश किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटे लाल प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सात दिवसीय विशेष शिविर में सहयोग दे रहे प्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया गया। इस दौरान शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेव हिमांशु गुप्ता, अंजना पूर्ति, प्रभा सोंधिया और प्रिया कुमारी अग्रहरि को वेस्ट वॉलिंटियर सम्मान दिया गया। इसके साथ ही अन्य स्वयंसेवकों को भी विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह में




समाजसेवी अभिषेक द्विवेदी को भी सम्मानित किया गया। अभिषेक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की उक्त दोनों इकाइयां पिछले तीन वर्षों से चिल्काडांड ग्राम में जन जागरूकता के लिए अपना बहुमूल्य समय दे रही हैं और अब इसका प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में स्वयंसेविका अंजना पूर्ति ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया वहीं कविता कुमारी ने पारंपरिक नृत्य के माध्यम से लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। इसी क्रम में पूजा यादव, रूबी खातून, आशुतोष उपाध्याय, पंकज गुप्ता ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया । डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय ने सभी सहभागियों का स्वागत किया एवं डॉ० छोटे लाल प्रसाद ने धन्यवाद व्यापित किया। इस अवसर पर दोनों कार्यक्रम अधिकारियों ने चिल्काडांड के प्रधान हीरालाल जी के प्रति विशेष आभार प्रकट किया जिनके सहयोग के बिना 100 स्वयंसेवकों का यह विशेष शिविर सफल नहीं हो सकता था। शिविर का समापन राष्ट्रगान गायन के पश्चात हुआ।

## सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक




सोनभद्र, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, श्री सिंह ने एन0आर0एल0एम0 समूह के खाते बैंकों में खोलने व उन्हें लोन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के प्रगति के लिए समीक्षा की, उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के छात्रों के फार्म विद्यालयों से जल्द से जल्द अग्रसारित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करनाा सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 एस0के0 राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## हज यात्रियों के नियमों में कई बदलाव किए गए

सोनभद्र, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि हज यात्रियों के नियमों में कई बदलाव किए गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार यात्रा को व्यवस्थित, तकनीकी व सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया गया है। हज यात्रियों को स्मार्ट वाच दी जाएगी। इससे वे अगर यात्रा में बिछुड़ेंगे तो जानकारी हो सकेगी। खानपान के लिए कैटरिंग की व्यवस्था की जाएगी। अब तक स्वयं ही खाना बनाना पड़ता था। हज कमेटी आफ इंडिया की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 मार्च तक हज यात्रा की अंतिम किस्त जमा कराई गई है, लेकिन इसमें कैटरिंग की व्यवस्था नहीं की है। सभी यात्रियों को इस मद में राशि बाद में जमा करनी होगी। इससे यात्रियों को अलग से भोजन की व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति ने सभी जिलों को जारी निर्देश अनुसार कैटरिंग के माध्यम से खाना उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक हज यात्री को स्मार्ट वाच भी दी जाएगी। यह वाच डेटा केबल से रिचार्ज होगी। इसमें यात्री की पूरी जानकारी होगी। यह जीपीएस से भी जुड़ी होगी। इससे किसी भी समस्या या रास्ता भटकने की स्थिति में मदद मिल सकेगी। यात्रियों को इसे हमेशा चार्ज रखने की सलाह दी गई है।

## रोजगार मेले में 86 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन , 18 आवेदकों को दिया गया ऑफर लेटर



सिंगरौली, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।मध्यप्रदेश शासन के मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निदेर्शानुसार कलेक्टर श्री गौरव बैनल निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिंगरौली जगदीश गोमे, के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय ह्लयुवा संगम- रोजगार, स्व-रोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एव आई.टी.आई. सिंगरौली के द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बरगवां, में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न कम्पनियों ने सहभागिता की। अत्यधिक संख्या में आवेदकों महिला एवं पुरुष ने उपस्थित होकर कम्पनियों में रोजगार हेतु आवेदन किये एवं काउंसिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

रोजगार मेले में उपस्थित 8 संस्थाएं कंपनियों द्वारा 86 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया जिसमें से 15 महिला आवेदक लाभांवित हुई। युवा संगम अंतर्गत रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप हेतु 18 आवेदकों को ऑफर लेटर प्रदान किये गये। एवं 63 आवेदकों की कैरियर काउंसिलिंग की गई। उक्त मेले में एम.एम.मिश्रा, प्रभारी प्राचार्य आई.टी.आई. सिंगरौली एवं प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी सिंगरौली, अब्दुल रहीम मंसूरी, प्राचार्य आई.टी.आई. बरगवां, ओम प्रकाश वैश्य प्रशिक्षण अधिकारी आई.टी.आई. सिंगरौली, रोजगार कार्यालय से काउंसलर सुदामा प्रसाद, कृष्णचंद्र, संजीव सिंह, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री हनुमान महोत्सव-2026 की प्रथम योजना बैठक संपन्न



शक्तिनगर, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। ऊर्जांचल क्षेत्र का प्रसिद्ध श्री हनुमान महोत्सव इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर धूमधाम एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसी क्रम में महोत्सव की प्रथम योजना बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शक्तिनगर क्षेत्र के 12 खंडों से भव्य शोभायात्रा धार्मिक वातावरण में निकाली जाएगी। चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती के अवसर पर प्रातः काल क्षेत्र के समस्त मठ-मंदिरों में ध्वज पूजन, धार्मिक अनुष्ठान एवं यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मध्यान्ह में अंबेडकर नगर, शिवाजी नगर, विद्युत विहार, बस स्टैंड, चिल्का डांड बस्ती, चिल्का डांड बाजार, राजकिशन कॉलोनी, परसवार राजा, खड़िया, कोहरौलिया, बीना आदि क्षेत्रों से आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। सभी शोभायात्राओं का एकत्रीकरण पीडब्ल्यूडी चौराहे पर होगा, जहां से यह विशाल जुलूस आगे बढ़ते हुए श्री ज्वालामुखी मंदिर आरती ग्राउंड पहुंचेगा, जहां भगवान श्री हनुमान जी की सामूहिक महा आरती संपन्न कराई जाएगी। हनुमान महोत्सव केंद्रीय कमेटी के संरक्षक हेमंत मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रधान संयोजक अनिल सिंह गौतम ने कहा कि सभी कार्यकर्ता धार्मिक मयार्दा एवं अनुशासन के साथ महोत्सव को सफल बनाएं तथा अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करें।

## सिंगरौली कलेक्ट्रेट में सास-बहू का हाईवोल्टेज ड्रामा, बहस के बीच सास हुई बेहोश

सिंगरौली, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर बुधवार को उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब एक पारिवारिक विवाद ने सार्वजनिक रूप ले लिया। सास-बहू के बीच तीखी बहस इतनी बढ़ गई कि बुजुर्ग सास अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं। घटना से परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

यह मामला बैढ़न क्षेत्र के सेमरिया गांव का बताया जा रहा है। यहां रहने वाली रैमून साह और उनकी बहू सुमित्रा सिंह के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा है। अपनी शिकायत लेकर दोनों पक्ष जिला प्रशासन के समक्ष पेश होने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे, लेकिन बात सुनवाई से पहले ही विवाद में बदल गई।

विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए– सास का आरोपः रैमून साह ने अपने बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप



लगाते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

बहू का पक्षः सुमित्रा सिंह का कहना है कि उन्होंने प्राण कुमार से प्रेम विवाह किया है, जिसे उनकी सास स्वीकार नहीं कर रही हैं। उनका आरोप है कि सास उन्हें पति से अलग करना चाहती हैं और पहले भी घर से निकाल चुकी हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में बहस के दौरान स्थिति अचानक बिगड़ गई और रैमून साह बेहोश होकर गिर पड़ीं। यह देख वहां मौजूद अधिकारियों और लोगों में हड़कंप मच गया।

मौके पर मौजूद तहसीलदार प्रीति सिकरवार ने तुरंत स्थिति संभालते हुए बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भिजवाया। राहत की बात यह रही कि कुछ ही देर में उनकी हालत सामान्य हो गई और वे दोबारा कलेक्ट्रेट लौट आईं। घटना के बाद तहसीलदार ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर समझाइश दी। उन्होंने परिवार के इस विवाद को कानूनी प्रक्रिया के बजाय आपसी बातचीत और समझौते से सुलझाने की सलाह दी।

### पीस कमेटी की बैठक डीएम की अध्यक्षता और एसपी की उपस्थिति में हुई सम्पन्न

गाजीपुर, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। रमजान, ईद उल फितर एवं चैत नवरात्रि/रामनवमी का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाईन सभागार मे जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरजराजा उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों से आये पीस कमेटी के सदस्यों से थानों में आयोजित की गयी पीस कमेटी के बैठक की फीडबैक की जानकारी क्रमवार सभी लोगों से प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराये।

## गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकली भव्य कलश शोभा यात्रा



बीजपुर/सोनभद्र, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे पवित्र चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां दुधहिया देवी मंदिर प्रांगण में रामानंदीय अखिल भारतीय संत सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रहे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की जीवन गाथा से संबंधित श्री राम कथा से पूर्व बुधवार की सुबह प्राचीन श्री बेड़िया हनुमान मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी ।कलश शोभा यात्रा में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक चैबंद व्यवस्था की गई थी। गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री राम कथा से पूर्व बुधवार को श्री बेड़िया हनुमान मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही इस दौरान 1100 श्रद्धालु महिलाएं,बालिकाएं अपने सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों व जयकारों के बीच मंदिर परिसर से पैदल ही बीजपुर बाजार,स्वागत गेट, एनटीपीसी कॉलोनी,कांट्रेक्टर कॉलोनी होते हुए इंटकवेल पहुंची जहां से विद्वान साधु संतों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोविंद बल्लभ पंत सागर से कलश में जल भर के वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर कलश स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह व जोश नजर आया,श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा व भक्तिमय नजर आया।

## तेज रफ्तार का कहर, दो अलग-अलग हादसों में बाल-बाल बचे वाहन सवार




सिंगरौली, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।जिले में बुधवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां दो अलग-अलग सड़क हादसों में वाहन सवार बाल-बाल बच गए। हालांकि दोनों घटनाओं में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।पहली घटना दोपहर करीब 12 बजे माजन मोड़ क्षेत्र में हुई। एक तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी हाईवा के अगले पहिए के नीचे फंस गई। गनीमत रही कि दोनों सवार समय रहते कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।कुछ ही देर बाद दूसरी घटना जयंत क्षेत्र में हुई, जहां कोयला परिवहन कर रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी।मोटरसाइकिल सवार ने हेलमेट पहन रखा था, जिसके कारण वह उछलकर दूर गिरा और गंभीर चोटों से बच गया। हालांकि उसकी बाइक ट्रेलर के पहिए के नीचे आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।इन दोनों घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही लगातार हादसों का कारण बन रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि भारी वाहनों की आवाजाही पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की गति सीमा तय की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में बड़े हादसों को रोका जा सके।

### शेरपुर खुर्द में चैता की गूंज, पूरी रात झूमे लोग



भांवरकोल/ गाजीपुर, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव में चैत माह के अवसर पर भव्य चैता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान चैत्र गीतों की मधुर धुनों ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक झूमने पर मजबूर हो गए। होली के बाद फाग के गीतों की जगह अब चैता की गूंज सुनाई देने लगी है। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक चैता (चैती) गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। दो गोला शैली में हुए इस आयोजन में गायक-वादकों की जुगलबंदी ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। चैता, भोजपुरी अंचल का एक प्रमुख अर्ध-शास्त्रीय लोकगीत है, जो विशेष रूप से चैत्र माह में गाया जाता है। इन गीतों में धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं का सुंदर समावेश होता है, जिनमें भगवान राम और राम नवमी से जुड़े प्रसंग प्रमुख रहते हैं। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि जयानंद राय (मोनू), अविनाश प्रधान, इंद्रासन राय, मदन दूबे, राहुल राय, मुन्ना राय, राकेश राय, गबदू पहलवान, राजकुमार सोखा, छोटन राय, सोनू राय मास्टर, रामजी गुप्ता, जीतन राय, उमेश राय व सोनू राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और पारंपरिक लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है।

### माफिया नहीं अब जूट वॉल हैंगिंग प्रोडक्ट के लिए पूरे देश में जाना जाता है गाजीपुर- एमएलसी विशाल सिंह चंचल



गाजीपुर, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। योगी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर बुद्धवार को एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने विकास भवन के सभागार में पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पूरी क्षमता के साथ यूपी और गाजीपुर का विकास हो रहा है। उन्होने बताया कि 2017 से पहले गाजीपुर एक माफिया के नाम पर ब्रांड के रुप में जाना जाता था, लेकिन 2017 के बाद आज सभी माफियाओं का सफाया हो गया है और जिले में विकास की किरण फैल गयी है। आज गाजीपुर माफिया नहीं वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, जूट वॉल हैंगिंग, के प्रोडेक्शन के लिए पूरे विश?व में जाना जाता है। योगी सरकार में नौ लाख से ज्यादा सरकारी नौकरी नौजवानों को दिये हैं। अयोध्या, काशी के साथ-साथ जिले के महाहर धाम और बिछुड़न महादेव को पर्यटक के रुप में विकसित हो रहा है। गाजीपुर में तीन हजार करोड़ लागत से बनने वाले उद्योग धंधे का एमओयू साइन हुए हैं। उन?होने बताया कि सीवन लाइन के बाद अब हर घर पेय जल योजना के तहत पूरे शहर में पेय जल की पाइप लाइन बिछाई जा रही हैं इसके बाद नगर की सड़कें बन जायेंगी जिससे नागरिकों को राहत मिलेगा।

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक बिना किसी बाधा के पहुँचे- जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न

मऊ, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान राष्ट्र की रीढ़ हैं। प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक बिना किसी बाधा के पहुँचे। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने सुना। और कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिए। रतनपुरा के किसानों ने शिकायत किया कि गाढ़ा ताल की सफाई कराई जाए, कुछ किसानों द्वारा शिकायत की गई कि जंगली नीलगायों द्वारा फसलों को नुकसान किया जा रहा है इसकी व्यवस्था की जाए। ग्राम पंचायत कुशमौर में क्रय केंद्र न होने की शिकायत की



गई। इसी क्रम में खुखुन्दवा में सरकारी नाली पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने एवं नाली का निर्माण कराए जाने की भी शिकायत की गई। हथिनी से सरवां तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तकनीक और सरकारी अनुदान का सही समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसानों और अधिकारियों की आपसी समन्वय से कृषि से आय में वृद्धि होगी। जनपद में ऐसे किसानों की जरूरत है जो कृषि से अपनी आय में वृद्धि किए हों जिससे जनपद के अन्य किसान प्रेरित होकर कृषि के क्षेत्र में आगे आए।

जिलाधिकारी ने कृषि से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और किसानों को लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिन किसानों की ई-केवाईसी लंबित है। उन्हें कृषि विभाग शिविर लगाकर पूर्ण कराए ताकि किसी भी पात्र किसान की किस्त न रुके। आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव हेतु ड्रोन तकनीक के उपयोग की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 7 कार्य दिवसों के भीतर सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के प्रगतिशील किसानों से कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित बैंकों के माध्यम से मिलने वाले ऋण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। अन्यथा की स्थिति में लम्बित शिकायतों पर किसानों द्वारा यदि पुनः शिकायत की गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने पिछले माह किसान दिवस में किसानों द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण के संबंध में उपस्थित किसानों की समक्ष बताया। किसान दिवस मे जिला विकास अधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, लीड बैंक मैनेजर अनिल कुमार सिन्हा, जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता सहित जनपद के प्रगतिशील किसान तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



मऊ, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही समस्त जनपदों में भी 9 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संकल्प से सिद्धि,सुरक्षा-सुशासन- समृद्धि थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन लखनऊ में किया गया। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने देखा । लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में अभूत पूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पर वार्षिक पुस्तक 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले 9 वर्ष में सरकार की उपलब्धियां को भी गिनाया। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी हॉल नगर पालिका परिषद में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने दीप प्रचलन कर किया। उन्होंने प्रदेश सरकार के विगत 9 वर्षों की मुख्य उपलब्धियों की विस्तृत चर्चा की तथा प्रदेश विशेष कर पूर्वांचल से माफिया राज के सफाए पर प्रदेश सरकार की सराहना की। इस दौरान सोनी थापा बालिका इंटर कॉलेज के छात्राओं बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह सहित जनपद के कई वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बड़ी संख्या में लोग सभागार में मौजूद रहे।

## खड़िया नाला के पुनरोद्धार हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने टीम के साथ किया निरीक्षण

मऊ, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। जनपद में प्रवाहित छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प के अंतर्गत गाढ़ा ताल से प्रभावित खड़िया नाला, जो आगे चलकर तमसा नदी में मिल जाता है, के पुनरोद्धार हेतु मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। यह नाला नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के अंतर्गत प्रकाशित एटलस ऑफ रिवर्स इन उत्तर प्रदेश में भी सूचीबद्ध है। जिससे इसके संरक्षण एवं पुनरोद्धार का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

निरीक्षण के दौरान सामाजिक वानिकी विभाग के एसडीओ रामसूरत यादव जिला पंचायत राज विभाग के जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, मनरेगा से प्रशांत राय, सिंचाई विभाग से उदय नाथ पाण्डेय तथा डॉ. हेमंत कुमार यादव जिला परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीम द्वारा नाले की वर्तमान स्थिति, जल प्रवाह, गाद जमाव तथा कूड़ा-कचरा निस्तारण की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव एवं समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। मुख्य विकास अधिकारी ने



आश्वस्त किया कि खड़िया नाला के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प के लिए शीघ्र ही एक प्रभावी, व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

खड़िया नाला के पुनरोद्धार से क्षेत्र में भूजल स्तर में सुधार, सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि, जलभराव की समस्या में कमी तथा जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह पहल न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि ग्रामीण आजीविका एवं सतत विकास को प्रोत्साहित करेगी।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक को 20 वर्ष की सजा, कुल 17 हजार रुपया अर्थदंड लगा

मऊ, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट दीपनारायण तिवारी ने सामूहिक दुष्कर्म, छिनैती, मारपीट और बंधक बनाने के मामले में आरोपी रामाशीष शर्मा को सुनवाई के बाद दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद उसे 20 वर्ष की सजा के साथ ही कुल 17 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र का है।

अभियोजन के अनुसार वादिनी मुकदमा 4 अगस्त 2015 को अपने पति के साथ वनदेवी पूजा करने गई थी। इस दौरान समय लगभग 2 बजे दिन में वहाँ से लौटते समय वनदेवी के जंगल में अभियुक्तगण रामाशीष शर्मा व दो अज्ञात जिन्हें देखकर वह पहचान सकती है, उसे जबरदस्ती पकड़ लिये। पीडिता और उसके पति ने विरोध किया तो अभियुक्तगण उन्हें बुरी तरह मारे पीटे और उसे जबरदस्ती जंगल में ले जाकर उसके साथ तीनों लोगों ने सामूहिक रूप से बारी-बारी बलात्कार किया। पीडिता के पति के हाथ, पैर एवं मुँह बांध कर पेड़ से बांध दिया गया था। आरोप था कि आरोपीगण ने मोबाइल, टप्स, चैन और 5 हजार रुपए छीन लिए और अश्लील वीडियो बनाया।

वादिनी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बाद विवेचना आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक अखिलेश कुमार सिंह और सत्येंद्र नाथ राय ने कुल नौ गवाहों को पेशकर अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव पक्ष से एक गवाह को पेशकर तर्क दिया कि उसे झूठा फंसाया गया है। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी रामाशीष शर्मा को सामूहिक दुष्कर्म, छिनैती, मारपीट और बंधक बनाने के मामले में दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष की सजा के साथ ही 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। छिनैती के मामले में 10 वर्ष की सजा के साथ ही 5 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। मारपीट और बंधक बनाने के मामले में क्रमशः छह- छह माह की सजा के साथ ही एक-एक हजार रुपए अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दो आरोपियों के नाबालिग होने के चलते उनकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई थी।

विशेष न्यायाधीश ने अपने निर्णय मे लिखा कि बलात्संग का अपराध समाज में अत्यंत अनैतिक और शारीरिक शोषण का अपराध है। यह अपराध भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत पीडिता के मूलभूत अधिकार का हनन कहलाता है। बलात्संग का अपराध गैर मानवीय कार्य होने के अलावा स्त्री के पवित्रता एवं निजता के अधिकार का उल्लंघन है। यह उसके सर्वोच्च प्रतिष्ठा पर कुठाराघात है और उसके स्वगरिमा एव मयार्दा को चोट पहुँचाती है। यह अपराध पीडिता का दमन करता है और उसे समाज की नजरों में गिराता है। जहां हत्यारा पीड़िता के शारीरिक ढाचा को नष्ट करता है वहीं बलात्कारी असहाय महिला की आत्मा को मलिन एवं अशुद्ध कर देता है। यह अपराध पीडिता के जीवन को पशुवत या नारकीय बना देता है और उसकी आत्मा को झकझोर देता है।

## हिमांशु का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में होने से शिक्षकों ने किया सम्मानित

इंदारा (मऊ)। घोसी ब्लाक क्षेत्र के सरायगनेश प्राथमिक विद्यालय के छात्र हिमांशु पुत्र रविन्द्र निवासी चकरामनोरथ (रसड़ी)का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। छात्र के चयन से गांव और स्कूल में खुशी है। बुधवार को प्रधानाध्यापक रामप्रभाव सिंह व विघायल के शिक्षकों ने छात्र को स्कूल बुलाकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रधानाध्यापक रामप्रभाव सिंह ने बताया कि विद्याज्ञान की परिक्षा में परिक्षार्थी को तीन चरणों से गुजरना पड़ता है। प्रथम चरण में उत्तीर्ण विद्यार्थी ही मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होता है ।इसकी मुख्य परीक्षा सीतापुर जनपद में आयोजित हुई थी। जिले का यह पहला छात्र हिमांशु है जो यह सफलता हासिल किया है ।हिमांशु बहुत ही होनहार है। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। उम्मीद है अगली बार स्कूल से एक नहीं कई बच्चों का चयन होगा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से अनीता सिंह,नित्या राय,अनिता गोड़, प्रीति सिंह, आयुषी गुप्ता,अरविंद चौहान, प्रदीप वर्मा, प्रमोद पाण्डेय,जीवन सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पति,देवर और ससुर को 10 वर्ष की सजा

मऊ, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर एक अजय कुमार श्रीवास्तव ने दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने तथा आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में नामजद पति जितेंद्र यादव, देवर मणिंद्र यादव और कांता यादव को सुनवाई के बाद दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद तीनों को सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही कुल 25 -25 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला दोहरीघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव का है।

अभियोजन के अनुसार कोतवाली घोसी क्षेत्र के पिड़सुई अहिलासपुर गांव निवासी सकलदेव यादव पुत्र स्व. बल्देव यादव की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई। वादी का कथन था कि उसकी लड़की मीरा यादव की शादी शाहपुर गांव निवासी जितेंद्र यादव के साथ हुई थी। आरोप है कि दहेज को लेकर मीरा यादव को उसके पति जितेंद्र यादव उसके भाई मणिंद्र यादव और ससुर कांता यादव ने 22 अप्रैल 2008 को मीरा यादव को जहर देकर मार डाला। पुलिस ने बाद विवेचना आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए राजेश कुमार पांडेय ने कुल आठ गवाहो को पेशकर अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव पक्ष से कहा गया कि उसे झूठा फसाया गया है। एडीजे ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपीगण जितेंद्र यादव, कांता यादव और मणिंद्र यादव को प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद सभी को आत्महत्या करने के लिए मजबूत करने के मामले में सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही 15-15 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। वहीं प्रताड़ना के मामले में तीन-तीन वर्ष की सजा के साथ ही 10 -10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## ईद के त्योहार के चलते बाजारों की रौनक बढ़ी

इंदारा (मऊ)। रमजान मुबारक माह के अंतिम दौर में चल रहे हैं। शुक्रवार या शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। मुसलमानों का प्रमुख पर्व ईद उल फितर हैं और इन त्योहारों को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह है। इनकी खुशियों में चार चांद लगाने के लिए बाजार भी सजे हुए हैं। ऐसे में कपड़ा बाजार से लेकर जूते चप्पल की दुकानें,कास्मेटिक की दुकानें गुलजार हैं।अब रमजान के पाक माह में चंद दिन शेष बचा है और ईद आने वाली है। इसको लेकर देर शाम तक बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। क्षेत्र के अदरी, इंदारा,पहसा, कोपागंज के अलावा प्रमुख बाजारों में भी ईद को लेकर काफी रौनक है। छोटी से लेकर बड़ी दुकानों में लोग मनपसंद सामान की खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में बच्चे भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहें हैं। वह भी अपनी पसंद के कपड़े,जूते व चप्पल के साथ अन्य सामान को खरीद रहे हैं। क्षेत्र के बाजार में महिलाएं, बच्चे व पुरुष देर शाम तक कपड़े खरीदते हुए देखे जा रहे है। कोई दुकानों पर अपनी नाप के आकर्षक जूते व सैंडल पसंद कर रहा था, तो वहीं महिलाएं व युवतियां सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर उमड़ी रहीं। तो कुछ महिलाए घरों को सजाने-संवारने और मेहमान नवाजी में कमी न हो, इसके लिए पर्दे व क्राकरी के बर्तन समेत अन्य सामान की खरीदारी करते हुए दिखाई दीं। वही किराने की दुकानों पर भी ईद के पर्व पर बनने वाले पकवानों के लिए सेवई, सूखे मेवे समेत अन्य खाने पीने की खरीदारी भी जोरों पर है।

बाजार में सूतफेनी,सेवई और मेवे की मांग तेज है ।स्वाद और गुणवत्ता के आधार पर इनके दाम भी अलग-अलग हैं। बाजार में कई तरह की सेवई उपलब्ध है,तो वहीं कई रंगों और प्रकार के सेवई लुभाने के लिए सज गई हैं।

## साजिश कर खुद ही भाई को मारी गोली, झूठा मुकदमा लिखवाने वाले दो गिरफ्तार

बैरिया (बलिया दैनिक देवव्रत), 18 मार्च। थाना बैरिया क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां आरोपियों ने साजिश रचकर खुद ही अपने भाई को गोली मार दी और विरोधियों को फंसाने के लिए झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बैरिया मो. फहीम कुरैशी व प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

घटना के अनुसार 17 मार्च की सुबह करीब 5:30 बजे वादी द्वारा थाना बैरिया में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया था कि उसके भाई अशोक कुमार ठाकुर पर गांव के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया और गोली मार दी, जिससे उसके बाएं हाथ में गोली लगी। इस आधार पर पुलिस ने मुकदमा



दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान उपनिरीक्षक पन्ना लाल ने जब मामले की गहराई से जांच की और साक्ष्य, विशेषकर वॉइस रिकॉर्डिंग आदि का विश्लेषण किया, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि यह पूरी घटना एक सोची-समझी साजिश थी। पता चला कि रविन्द्र ठाकुर और अशोक ठाकुर ने मिलकर गांव के अन्य लोगों को फंसाने की नीयत से यह षड्यंत्र रचा था। पूछताछ में रविन्द्र ठाकुर ने स्वीकार किया कि उसने खुद ही अपने भाई अशोक ठाकुर के बाएं हाथ में गोली मारी थी, ताकि विरोधियों के खिलाफ गंभीर मामला दर्ज कराया जा सके। घटना में प्रयुक्त अवैध कट्टा को उसने गंगा नदी में फेंक देने की बात भी बताई। इस खुलासे के बाद पुलिस ने मूल धाराओं को हटाते हुए मामले में नई धाराएं 217(2), 248(2), 61(2), 238 बीएनएस तथा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया गया है ।गिरफ्तार आरोपियों में रविन्द्र ठाकुर (38 वर्ष) और अशोक ठाकुर (52 वर्ष), निवासी भुवाल छपरा थाना बैरिया, जनपद बलिया शामिल हैं। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक पन्ना लाल, हेड कांस्टेबल मूलचंद और कांस्टेबल सुरेश कुमार यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## एनएसएस सप्त-दिवसीय शिविर का गरिमामय समापन



चितबड़ागांव,बलिया,18 मार्च,(देवव्रत संवाद)। श्री जमुना राम पीजी कॉलेज में 17 मार्च 2026 को डॉ. पूनम राय के निर्देशन में सात-दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ–सुबह योग-प्रार्थना से शुरू, फिर स्वच्छता, जागरूकता रैली, पर्यावरण, महिला-सशक्तिकरण, स्वास्थ्य-पोषण पर कार्यों की समीक्षा। औपचारिक सत्र के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक इंजि. तुषार नंद और विशिष्ट अतिथि डॉ. शौकत अली व डॉ. अंगद प्रसाद गुप्ता ने ठर के सेवा-भाव-अनुशासन-सामाजिक दायित्व पर जोर देते हुए स्वयंसेवकों की सराहना की। डॉ. बिपिन कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया; संचालन बृजेश गुप्ता, मीडिया संयोजन आशीष कुमार गुप्ता ने सँभाला। कार्यक्रम में कई प्राध्यापक व कर्मी मौजूद रहे।

## फर्जी गोलीकांड की साजिश दो गिरफ्तार

बलिया,18 मार्च,(देवव्रत संवाद)। बैरिया पुलिस ने जांच में पाया कि वादी पक्ष ने पुरानी रंजिश में चार लोगों को फंसाने को झूठी शिकायत लिखवाई। सच यह निकला कि रविन्द्र ठाकुर (38) ने साजिश के तहत खुद अपने भाई अशोक ठाकुर (52) के बाएँ हाथ पर गोली मारी, ताकि विरोधियों को गोलीबारी के झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। कट्टा गंगा में फेंक दिया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर धाराएँ बदल दीं (अब 217(2)/248(2)/61(2)/238 इठर व 3/25 आयुध अधि.), और न्यायालय भेजा। टीम की अगुवाई उ0नि0 पन्ना लाल ने की।

## धतुरी टोला में स्काउट-गाइड व योग शिविर का शुभारंभ

बैरिया,बलिया,18 मार्च,(देवव्रत संवाद)।श्री नीलम देवी डिग्री कॉलेज, धतुरी टोला में बुधवार को बीएड सत्र 2024-26 के अंतर्गत पाँच दिनी स्काउट-गाइड एवं योग प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। मुख्य अतिथि उप-जिलाधिकारी संजय कुमार कुशवाहा रहे; प्रबंधक संजय कुमार सिंह, प्राचार्य ज्ञान प्रकाश, डॉ. सुदिष्ट मिश्रा, हरि-कंचन सिंह, श्री भगवान सिंह, प्रदीप दुबे, सोनू मैडम, प्रेम प्रकाश, पवन यादव, नरेंद्र दुबे तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## बलिया में नौ दिवसीय मेले का शुभारंभ, डीएम ने किया उद्घाटन



बलिया,18 मार्च,(देवव्रत संवाद)।प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को गंगा बहुउद्देशीय सभागार में नौ दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाल्मीकि महर्षि विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया। साथ ही प्रदेश सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें विकास कार्यों की झलक दिखाई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि 18 मार्च से 26 मार्च तक जनपद में कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा, ताकि जनता को सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में कानून व्यवस्था, सड़क निर्माण, पर्यटन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि जनपद को जोड़ने के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही बलिया में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है, जिसका शिलान्यास अगले माह में ही किया जाएगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और फोरलेन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र में विकास को गति मिली है। जिलाधिकारी ने ह्लएक जनपद एक उत्पादह्व योजना के तहत बलिया के सत्तू और बिंदी को विशेष पहचान मिलने की बात कही। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि ह्ललखपति दीदीह्व योजना के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ ही जनपद में बहुत से कम हुए हैं और अभी कार्य करना है बलिया के लोग सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े और मेहनत करें, अपने जनपद और प्रदेश के बारे में सोचे तभी संभव हो सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डीडीओ आनंद प्रकाश एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 6 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में विभिन्न थानो द्वारा 6 वारंटी को गिरफ्तार किया ।इसमें सुरेश वर्मा पुत्र स्व0 रामशरन वर्मा, मनीष वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा निवासी कस्बा मधुबन (आर्दशनगर) थाना मधुबन, रुगदी देवी पत्नी श्री किशुन निवासी मीरपुर मेढ़िंया मु0 दरियाबाद थाना मधुबन को गिरफ्तार किया। वही थाना कोपागंज ने वारंटी मेल्हू चौहान पुत्र नन्हकू चौहान निवासी मुहम्मदपुर झझवां , नौशाद अहमद पुत्र खैरुल बसर निवासी जुम्मनपुरा और परमानन्द पुत्र बल्ली निवासी पुरानाकोपा को गिरफ्तार किया।

## राजा के रूप में भी राम का चरित्र और आदर्श अनुकरणीय - पंडित किशोरी शरण

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। तहसील क्षेत्र के कसारी गांव में चल रहे राम कथा के दौरान बुधवार को कथा वाचक पंडित किशोरी शरण ने राम के राज्याभिषेक की कथा सुनाया। उन्होंने कहा कि राम के राज्य में सभी लोग सुख शांति और समृद्धि से रहते थे। कहा कि राजा वही होता है जो प्रजा के सुख दुख और उनके कल्याण के लिए कार्य करें। भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के बाद उनके राज्य में खुशहाली और सर्वत्र सुख समृद्धि व्याप्त थी। बोला कि राम ने एक पुत्र ,शिष्य और पति के रूप में अपना आदर्श स्थापित किया तो वही राज्याभिषेक के बाद राजा के रूप में कुशल नेतृत्व क्षमता प्रजा पालक और न्यायप्रिय होने का संदेश दिया। बताया कि राम का चरित्र अनुकरणीय इसलिए भी है कि प्रजा की भलाई और सत्यता के लिए उन्होंने सीता का भी परित्याग कर दिया। कथा के प्रसंग में बताया कि अगर किसी को कुछ भी प्राप्त करना है तो उसे भगवान के शरण में जाना चाहिए। भगवान ही सर्वदाता और सर्वज्ञाता है । वह अपने भक्तों की पुकार पहले ही सुन लेते हैं। और सभी को उनकी भक्ति के अनुसार इच्छित फल प्रदान करते हैं। बुधवार को देर शाम कथा का समापन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के आयोजन डॉक्टर अमित उपाध्याय डॉ आर एन उपाध्याय संजय यादव सहित अन्य आयोजन कर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## किसानों ने अभिशाप को बनाया वरदान,अब सफेद रेत पर हरा सोना उगाकर हो रहे मालामाल

दोहरीघाट (मऊ)। मेहनत और लगन से बालू के रेत को किसानों ने हरे सोने की खदान में बदल दिया है ।कठिन परिश्रम से उनके बैंक खातों की इबारत भी बदलने लगी है ।कभी बाढ़ व कटान की प्रलय ढाने वाली घाघरा हमेशा तटवर्ती लोगों के लिए अभिशाप ही नहीं होती। वरन अन्य दिनों में यह लोगों के लिए वरदान भी साबित होती है। नदी का वही तट इन दिनों हरियाली की अनुपम छटा से सराबोर है, जो कभी तबाही की गाथा का लिखा करता है। पानी घटने से नदी के बीच निकल आये रेत के टापू इन दिनों हरे सोने की खदान बने हुए हैं।



# दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 20 वर्ष कारावास व अर्थदण्ड की सजा

**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** सात वर्षीया मासूम के साथ दुष्कर्म के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने एक आरोपी को बीस वर्ष के सश्रम कारावास तथा बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला पॉक्सो कोर्ट के जज संतोष कुमार यादव ने बुधवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार रौनापार थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीया मासूम 3 सितंबर 2018 को दिन में बारह बजे बजे घर से सौ मीटर दूर अपने मक्के के खेत की रखवाली कर रही थी। तभी आरोपी एहसान वहां पहुंचा और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के चिल्लाने पर जब लोग खेत की तरफ दौड़े,तब एहसान भाग गया।पुलिस से जांच पूरी करने के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार मिश्रा तथा दौलत यादव ने कुल नौ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी एहसान को बीस वर्ष के सश्रम कारावास तथा बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।



# डीजे को लेकर खूनी संघर्ष, तीन गिरफ्तार

**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जिले के रौनापार थाना क्षेत्र में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां पिता–पुत्र पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, रौनापार थाना क्षेत्र के सिकन्धोपुर गांव निवासी शिवम यादव पुत्र रामकेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च की रात करीब 10 बजे डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद जब वह घर जा रहे थे, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर गाली–गलौज करते हुए लात–घूंसे से मारपीट की। शोर सुनकर बीच–बचाव करने पहुंचे उनके पिता रामकेश यादव पर भी आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लाठी–डंडों से सिर पर हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस मामले में रौनापार थाने में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीनों वांछित अभियुक्तों प्रदीप यादव (22 वर्ष), दीपक यादव (23 वर्ष) और आशीष यादव (19 वर्ष), सभी निवासी सिकन्धोपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# शिक्षक के साथ मिली 2 साल से गायब किशोरी

**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** दीदारगंज क्षेत्र के मार्टिनगंज निवासी वादी ने दिनांक 23 अक्टूबर 2023 को अपनी 16 वर्षीय पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि विद्यालय के अध्यापक ज्ञानचन्द्र यादव उसे बहला–फुसलाकर भगा ले गए, जिसमें प्रधानाचार्या सुमन और उनके पति प्रबंधक त्रिभुवन की भी संलिप्तता बताई गई थी। इस मामले में थाना दीदारगंज पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई, लेकिन काफी समय तक किशोरी का पता नहीं चल सका। बाद में 8 अप्रैल 2025 को विवेचना थाना एएचटी को स्थानांतरित कर दी गई। जांच के दौरान पुलिस को संदिग्ध की लोकेशन दिल्ली और लखनऊ के रामजानकी नगर में मिली। इसके बाद मंगलवार को सर्विलांस के जरिए आरोपी के मोबाइल की लोकेशन रोडवेज बस स्टेशन, आजमगढ़ पर ट्रेस हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किशोरी को आरोपी ज्ञानचन्द्र यादव के साथ सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सभासद ने लगाया नपाप की जमीन पर कब्जे का आरोप

## प्रशासनिक आदेश के बावजूद जारी है निर्माण कार्य



**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जिले के सिधारी क्षेत्र के नरौली पश्चिमी वार्ड नंबर 12 में आराजी नंबर 226 मीटर भूमि को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। नगर पालिका की बताई जा रही इस जमीन पर अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर सभासद ने पुलिस से हस्तक्षेप की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, सिधारी क्षेत्र के सभासद अतुल सिंह ने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि नरौली पश्चिमी वार्ड नंबर 12 स्थित आराजी नंबर 226 मीटर भूमि नगर पालिका परिषद की बहुमूल्य अचल संपत्ति है। आरोप है कि इस भूमि पर लंबे समय से फर्जी तरीके से कब्जा और खरीद–फरोख्त का खेल चल रहा है। वर्ष 2001 में उप जिलाधिकारी के आदेश के आधार पर कुछ लोगों ने अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करा लिया था। बताया गया कि नगर पालिका परिषद द्वारा दायर तजबीजानी को स्वीकार करते हुए उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर ने 2 दिसंबर 2023 को पूर्व आदेश को निरस्त कर दिया था। खास बात यह है कि इस आदेश को अब तक किसी भी उच्च न्यायालय में चुनौती नहीं दी गई है और न ही इस पर कोई स्थगन आदेश जारी हुआ है। इसके बावजूद आरोप है कि कई लोगों ने जमीन पर पहले से कब्जा कर रखा है। वहीं हाल ही में एक व्यक्ति द्वारा फर्जी बैनामा कराकर विकास प्राधिकरण से नक्शा पास करा लिया गया और निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 13 मार्च 2026 को थाना और उप जिलाधिकारी को लिखित सूचना दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अवैध निर्माण लगातार जारी है। सभासद ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य रुकवाने और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# 42 साल से अधूरी चकबंदी को लेकर हाजीपुर की खुली बैठक में हंगामा



**सगड़ी, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** तहसील सगड़ी क्षेत्र के ग्राम सभा हाजीपुर में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा उस समय फूट पड़ा, जब चकबंदी अधिकारी गांव पहुंचे और प्राथमिक विद्यालय में खुली बैठक आयोजित की गई। बताया जा रहा है कि हाजीपुर में चकबंदी प्रक्रिया वर्ष 1984 से चल रही है, लेकिन करीब 42 साल बीत जाने के बाद भी इसका अंतिम निस्तारण नहीं हो सका है। इसी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बैठक के दौरान काश्तकारों ने आरोप लगाया कि चकबंदी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई है। ग्रामीणों का कहना था कि जिन किसानों की जमीन महुला–गढ़वल बांध के उत्तर दिशा में थी, उन्हें दक्षिण में और जिनकी दक्षिण में थी, उन्हें उत्तर दिशा में आवंटित कर दिया गया। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पर्चा–23 पहले भी गड़बड़ी के कारण निरस्त किया जा चुका है और दूसरी बार वितरण में भी अनियमितताएं की जा रही हैं। करीब 90 प्रतिशत काश्तकारों ने वर्तमान प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए चकबंदी को नए सिरे से शुरू करने की मांग की। ग्राम प्रधान सुभाष सिंह पटेल सहित नागेंद्र सिंह, शत्रुघ्न सिंह, रामस्वरूप सिंह, रमाकांत शुक्ला, कालिका सिंह समेत बड़ी संख्या में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं चकबंदी अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी और किसी भी काश्तकार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। गांव में करीब 1400 काश्तकार इस प्रक्रिया से जुड़े हैं, ऐसे में मामला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

# मेगा सीएम युवा क्रेडिट कैंप में 82 करोड़ के ऋण वितरित, 180 से अधिक युवा हुए लाभान्वित



**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में मेगा सीएम युवा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने की। यह भव्य आयोजन भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से विभिन्न बैंकों एवं विभागों की सहभागिता में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवा उद्यमियों और लाभार्थियों ने भाग लिया। कैंप के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 180 से अधिक लाभार्थियों के ऋण प्रस्ताव स्वीकृत किए गए तथा लगभग 82 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया। इससे युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने, व्यवसाय विस्तार और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे ऋण का सही उपयोग कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं और अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वरोजगार योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करें और ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र आवेदक का आवेदन बिना उचित कारण के निरस्त न हो। कार्यक्रम में एलडीएम पवन, उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत तिवारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। यह आयोजन युवाओं को रोजगार से जोड़ने और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 'नव निर्माण के 9 वर्ष' के तहत विकास योजनाओं पर डाला प्रकाश



**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** "समृद्धि का नवयुग, यूपी का स्वर्णयुग" थीम के तहत जनपद में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्षिक पुस्तक/ फोल्डर का विमोचन, लाभार्थीपरक वितरण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रेस वार्ता के माध्यम से प्रदेश के विकास कार्यों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हरिऔध कला केन्द्र में किया गया, जहां प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस दौरान 9 दिवसीय मेले का उद्घाटन करते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक व ट्राइसाइकिल वितरित की गई। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश में हुआ परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी, व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, एक्सप्रेस– वे, मेट्रो, एयरपोर्ट और निवेश के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देशन में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को लाखों रुपये के ऋण चेक वितरित किए गए, वहीं पेंशन योजनाओं एवं कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को भी सहायता दी गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, विनोद राजभर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रेस वार्ता के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय के कलाकारों ने देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। वहीं लोक कलाकारों ने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित गीतों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने बताया कि 9 दिवसीय मेले में युवा, महिला, किसान एवं श्रमिकों से जुड़ी 9 थीम पर कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी और संवाद कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं एवं जनपद वासियों की सहभागिता रही, जिससे पूरा आयोजन उत्साह और जनजागरण का केंद्र बन गया।

# तीन दिवसीय 'खेल उमंग' प्रतियोगिता में डीएवी कॉलेज बना ओवरऑल चैम्पियन

**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 'खेल उमंग' का समापन उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के शानदार माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में डी.ए.वी. कॉलेज, आजमगढ़ ने 72 अंकों के साथ ओवरऑल चौंपियनशिप अपने नाम की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति ने माहौल को आध्यात्मिक और ऊर्जावान बना दिया। मुख्य अतिथि प्रो. पूनम टंडन ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद यहां के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में ओलंपिक तक पहुंच सकते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि "खिलाड़ी शरीर से नहीं, बल्कि मन और मस्तिष्क से लड़ते हैं।" उन्होंने खेल को शारीरिक और मानसिक विकास का आधार बताते हुए छात्रों से खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की अपील की। प्रतियोगिता में मेजबान विश्वविद्यालय दूसरे स्थान पर रहा, जबकि मालटारी पीजी कॉलेज तीसरे और डीसीएसके पीजी कॉलेज चौथे स्थान पर रहा। इससे पूर्व ललित कला संकाय की कला प्रदर्शनी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया, जिसमें सपना कुमारी, खुशी यादव और अरुण कुमार ने विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समारोह में कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक आनंद कुमार मौर्य सहित अनेक प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली और डॉ. निधि ने किया। खेल उमंग के इस आयोजन ने खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा के साथ–साथ अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट संदेश दिया।



# होली मिलन समारोह में जुटा विश्वकर्मा समाज, राजनीतिक भागीदारी पर दिया जोर



**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** शहर के विश्वकर्मा भवन नरौली में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में दुर्गा प्रसाद यादव, चन्ददेव राम यादव, हवलदार यादव, अखिलेश यादव एवं करुणाकांत मौर्य शामिल रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीरेंद्र विश्वकर्मा ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने विश्वकर्मा समाज की राजनीतिक भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद संगठन की कमी के कारण राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिल पा रही है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि जब तक समाज के लोग विधायक और मंत्री नहीं बनेंगे, तब तक समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने आगामी चुनावों में एकजुट होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। समारोह में राम अवतार विश्वकर्मा, अमरनाथ विश्वकर्मा, सुनील दत्त विश्वकर्मा, हरिकेश विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, हरिराम विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, शम्भूनाथ विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, राम समुझ विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन के साथ आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया गया।

# सीढ़ी लगाकर घर में घुसे चोर, लाखों के जेवर लेकर फरार

**फूलपुर, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** कोतवाली क्षेत्र के मौना (दुर्वासा) गांव में मंगलवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर और कीमती सामान चोरी कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी शीतला प्रसाद त्रिपाठी के घर में देर रात करीब 12 बजे चोर छत के रास्ते सीढ़ी के सहारे घुस गए। उस समय घर में उनकी बहू कमरे में सो रही थी, जबकि शीतला प्रसाद बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने घर में रखी आलमारी और बक्सा उठाकर सीवान की ओर ले जाकर तोड़ दिया और उसमें रखे सोने–चांदी के जेवर व कीमती कपड़े समेट लिए। चोरी गए सामान में नथिया, मांग टीका, मंगलसूत्र, कान का झाला, चौन, अंगूठी, बाली, पायजेब, पायल सहित लाखों रुपये के आभूषण शामिल बताए जा रहे हैं। घटना का पता तब चला जब देर रात बहू लघुशंका के लिए उठी और कमरे का दरवाजा खुला पाया। इसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि उनका एक परिवार फूलपुर बाजार में रहता है, जबकि गांव के घर में बहू अकेली थी। सूचना मिलने पर उनका पुत्र भी मौके पर पहुंचा। सुबह पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# विदाई एवं सम्मान समारोह में झलकी सांस्कृतिक छटा

**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** क्षेत्र के राम मूरत त्रिभुवन महिला महाविद्यालय, बरडीहा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विदाई एवं सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ महाविद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत फूल–मालाओं से किया गया। छात्राओं ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्पीच, डांस और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राधा–कृष्ण नृत्य, मां दुर्गा तांडव, कॉमेडी डांस और विदाई गीत ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक अमरेश राय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय का उद्देश्य गरीब परिवार की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 20 से 25 आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुशल सिंह पटेल, डॉ. आगम कुमार सिंह, राघवेंद्र राय, विजय कुमार यादव, बजरंगी पटेल, अमरनाथ सिंह, शिवाजी, सतीश, प्रतिमा राय, मोनिका सिंह, प्रियंका सहित अन्य शिक्षकों व शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। समारोह के अंत में विदाई ले रही छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# ओपन स्टेट क्रिकेट : वाराणसी ने आजमगढ़ को हराकर जीता खिताब




**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा आयोजित ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में वाराणसी ने मेजबान आजमगढ़ को 14 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में वाराणसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 149 रन बनाए। टीम की ओर से अर्पित सिंह ने नाबाद 29 रन, आनंद सिंह ने 25 रन और सक्षम ने 24 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आजमगढ़ की टीम 18.2 ओवर में ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से सौरभ ने 24 रन, अमित भगत ने 23 रन और कुलदीप कृष्णा ने 18 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आजमगढ़ की ओर से गेंदबाजी में सुनील कुमार और अखंड प्रताप सिंह ने 3–3 विकेट झटके, जबकि वाराणसी की ओर से आयुष और बृजेश ने 3–3 विकेट तथा अर्पित ने 2 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के लिए अर्पित सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं कंवर शिवम सिंह को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और बृजेश सोनकर को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें कानपुर, गोंडा, वाराणसी, देवरिया, फतेहपुर, मऊ, बलिया, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर और आजमगढ़ शामिल रहे। समापन अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी सुल्तान सिंह, के.एम. श्रीवास्तव एवं मंगल प्रसाद ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिला।

# सैनिक स्कूल में सत्र शुरू, मेडिकल प्रक्रिया जारी




**आजमगढ़, 18 मार्च (देवव्रत संवाद)।** प्रो. बजरंग त्रिपाठी सैनिक स्कूल में प्रथम शैक्षणिक सत्र शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। AISSEE 2026 के परिणाम के बाद चयनित छात्रों की मेडिकल जांच जिला अस्पताल में कराई जा रही है। यह प्रक्रिया सैनिक स्कूल अमेठी के मार्गदर्शन में पूरी की जा रही है। वहीं, 4 अप्रैल से काउंसलिंग शुरू होगी। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, संस्थान का उद्देश्य छात्रों को अनुशासन, गुणवत्ता शिक्षा और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करना है।